■ कार्तिक शुक्ल - 10 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 107 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 11-11-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 जसप्रीत बुमराह के लिए कप्तानी शायद सबसे मुश्किल काम है : पोंटिंग

6 जम्मू कश्मीर में फिर 370 का राग

7 'भूल भुलैया 3' की सफलता से बेहद खुश है विद्या बालन

## फर्स्ट टेक

### कुकी उग्रवादियों का महिला किसानों पर हमला, सेना का जवान घायल

**इम्फाल/एजेन्सी।** मणिपुर के इम्फाल ईस्ट के सानासाबी लंपाक में रविवार को कुकी उग्रवादियों ने महिला किसानों पर हमला किया जिसमें महार रेजिमेंट का एक जवान घायल हो गया। उग्रवादियों ने महिला किसानों पर शक्तिशाली बमों से हमला किया। महिलाएं वहां से हट गईं और मणिपुर पुलिस और महार रेजिमेंट की संयुक्त टीम ने वहां पहुंचकर उग्रवादियों का सामना किया। इस दौरान के एक जवान को बाएं हाथ में गोली लगी। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच करीब 17 महीनों से चल रहे साम्प्रदायिक हिंसा के बाद, जिसमें 230 से अधिक लोगों की मौत हुई है, एक और हमला हुआ है। शनिवार को बिष्णुपुर जिले के सैतोन इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों ने किसानों पर गोली चलाई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई।

### देसी बम के धमाके में हाथी का बच्चा घायल

**गरियाबंद/भाषा।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के उदंती-सीतानदी बाघ अभयारण्य (यूएसटीआर) में एक संदिग्ध देसी बम विस्फोट में हाथी का एक बच्चा घायल हो गया। यह जानकारी एक वन अधिकारी ने रविवार को दी। यूएसटीआर के उप निदेशक वरुण जैन ने बताया कि हाथी का यह बच्चा सीतानदी वन क्षेत्र के सतलोर इलाके में घूम रहे 38-40 हाथियों के झुंड का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सात नवंबर को वन अधिकारियों को उस इलाके में खून के धब्बे मिलने की सूचना प्राप्त हुई, जहां हाथियों का झुंड घूम रहा था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान खून के धब्बों के अलावा मौके पर पोटाश बम के टुकड़े भी बिखरे मिले। उन्होंने बताया कि अगले दिन, घायल जंगली जानवर का पता लगाने के लिए शिकार रोधी दल और एक श्वान दस्ते को जंगल में तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को वनकर्मियों ने ड्रोन की मदद से घायल हाथी का पता लगाया। उन्होंने बताया कि ड्रोन से ली गई तस्वीरों में हाथी के बच्चे का जबड़ा सूजा हुआ और पैर में चोट के निशान दिखाई दिये।

### ढाका में आवामी लीग की रैली विफल

**ढाका/भाषा।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिराने में अहम भूमिका निभाने वाले एक प्रभावशाली छात्र समूह के सदस्यों ने रविवार को ढाका में आवामी लीग की एक प्रस्तावित रैली को विफल कर दिया। विद्यार्थियों ने पार्टी कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया और उन पर हमला भी किया। अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा था कि वह हसीना की पार्टी को रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी, जिसके एक दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन और कई अन्य राजनीतिक समूहों के कार्यकर्ता आवामी लीग के केंद्रीय कार्यालय के पास नूर हुसैन छत्तर या जीरो प्वाइंट पर इकट्ठा हुए।

### इजरायली हमलों में लेबनान में दर्जनों लोगों की मौत

**दीर अल बला (गाजा पट्टी)/एपी।** लेबनान और उत्तरी गाजा में रविवार को इजरायली हमलों में बच्चों सहित दर्जनों लोगों की मौत हो गयी। हालांकि दुनिया भर की निगाहें इस बात पर टिकी हुई थीं कि अमेरिका में चुनाव ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों हमास और हिज्बुल्ला के खिलाफ जारी युद्ध को कैसे प्रभावित कर सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को हुए चुनाव के बाद से डोनाल्ड ट्रंप के साथ तीन बार बात की है। इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने वाले हैं।

| सूर्यास्त 11-11-2024 | सूर्योदय 12-11-2024 |
|---|---|
| 5:50 बजे | 6:17 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 79,486.32 | 24,148.20 |
| (-55.47) | (-51.15) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,172 रु. | 93,600 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में चुनावी रैली में कांग्रेस पर लगाया आरोप

# 'एससी, एसटी, ओबीसी की एकता की हमेशा से घोर विरोधी रही है कांग्रेस'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो जिले के चंदनक्यारी में भाजपा, आजसू, जेडीयू और लोजपा के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया।

मोदी ने रविवार को कहा कि झारखंड के तेज विकास के लिए सबका प्रयास हो इसकी जरूरत है। इसलिए आप सभी को कांग्रेस जेएमएम की बहुत बड़ी साजिश से सर्तक रहना है। सजग रहना है। कांग्रेस जेएमएम की चौकड़ी ने नया खेल खेलना शुरू किया है। ये सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकती है। कांग्रेस हमेशा से एससी, एसटी, ओबीसी की एकता की घोर विरोध रही है।



■ याद रखना है कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे!

आजादी के बाद हमार दलित समाज, हमारा एससी समाज बिखरा रहा, हमारा आदिवासी भाई बहना बिखरा रहा, हमारा ओबीसी समाज बिखरा रहा तब तक कांग्रेस बांटो और राज छीनों के सिद्धांत पर मजे से केंद्र में सरकार बनाती रही। लेकिन जैसे ही समाज एकजुट हुआ। हमारे दलित समाज के भाई बहन एससी के रूप में उनकी पहचान बनी। आदिवासी भाई बहन की एसटी के रूप में पहचान बनी तो कांग्रेस ने कभी भी पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार नहीं बना पाई। उन्होंने कहा कि 1990 में ओबीसी समाज को आरक्षण मिला। ओबीसी के अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुट गया उसके बाद से कांग्रेस आज तक लोगसभा में 250 सीटें नहीं जीत पाई। ओबीसी की सामूहिक ताकत को उसको तोड़ना चाहती है। और ओबीसी की ताकत को तोड़कर उन्हें सैंकड़ों अलग अलग जातियों में बांटना चाहती है। कांग्रेस जेएमएम वाले जातियों को एक दूसरे से लड़ाना चाहती है। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी छोटी जातिया खुद को ओबीसी मानना छोड़ दे और अपनी अपनी जातियों में ही उलझी रहे। क्या आप भी चाहते ही कि ओबीसी समाज 100 टुकड़ों में बंट जाए। ऐसा अगर टूट गये तो आपकी आवाज कमजोर हो जाएगी। कोई भी नहीं चाहता है कि समाज बिखरे। इसलिए हमेशा याद रखना है कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

मोदी ने कहा कि झारखंड के नौजवान बहुत बड़ी संख्या में

## लापरवाही



बेंगलूरु के बीडब्ल्यूएसएसबी के काम की वजह से बेंगलूरु के यलहंका न्यू टाउन के पास मेजर संदीप उन्नीकृष्णन रोड क्षतिग्रस्त हो गई और इस लापरवाही की वजह से पूरी सड़क पर जलभराव हो गया जिसके कार सड़क से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# सत्ता के लिए 'कॉकरोच' की तरह रेंग रहे हैं पलानीस्वामी : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विरुदुनगर(तमिलनाडु)/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रविवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ई.के.पलानीस्वामी की आलोचना करते हुए आश्चर्य जताया कि क्या कल्याणकारी योजनाओं का नाम उनके नाम पर रखा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह पद के लिए 'कॉकरोच' की तरह रेंग रहे हैं।

पलानीस्वामी ने आरोप लगाया है कि सरकार दिवंगत मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि के नाम पर बनाई



गई योजनाओं के लिए धन आवंटन कर रही है जबकि वे लोगों के लिए उपयोगी नहीं हैं। स्टालिन ने कहा कि विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) प्रमुख की टिप्पणी झूठ का पुलिंदा है।

स्टालिन ने दिवंगत द्रमुक नेता करुणानिधि के नाम से चल रहे कलैगनार सेंटरी लाइब्रेरी, कलैंगनार जल्लीकट्टू अखाड़ा, चेन्नई में एक अस्पताल और महिलाओं के लिए 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए जानना चाहा कि ऐसी कौन सी पहल लोगों के लिए उपयोगी नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''क्या योजनाओं का नाम आपके नाम पर रखा जा सकता है? (पलानीस्वामी) आप पद की खातिर 'कॉकरोच' की तरह रेंगते रहे। कलैगनार (करुणानिधि) एक ऐसा नाम है जो तमिलों के दिलों में बसा हुआ है और यह तमिलनाडु के इतिहास की एक अपरिहार्य पहचान है।''

## साड़ी रन



रविवार को बेंगलूरु के जयनगर स्थित शालिनी ग्राउंड में 'तनेरास्' ब्रांड की और से आयोजित श्रसाड़ी रन' में भाग लेती हुई महिलाएं।

### आतंकी अर्श डल्ला कनाडा में हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत द्वारा आतंकवादी घोषित किये गए अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला को कनाडा के ओंटारियो प्रांत में गोलीबारी की घटना के बाद संभवत: गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों ने रविवार को यह दावा किया।

गोलीबारी की यह घटना 28 अक्टूबर को मिल्टन में हुई थी। हैल्टन क्षेत्रीय पुलिस सेवा (एचआरपीएस) ने 29 अक्टूबर को कहा था कि उसने एक जांच के बाद, दो लोगों को गोलीबारी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# प्रधान न्यायाधीश के पद से न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ सेवानिवृत्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में कार्यकाल रविवार को पूरा हो गया। दो साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण फैसले दिए और महत्वपूर्ण सुधार किए तथा भारतीय न्यायिक इतिहास में एक



अनूठी विरासत स्थापित की। उन्होंने अयोध्या भूमि विवाद, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और सहमति से बनाए गए समलैंगिक यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने जैसे कई ऐतिहासिक फैसले दिए जिन्होंने समाज और राजनीति को आकार दिया। वह उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अपने आठ साल के कार्यकाल के दौरान 38 संविधान पीठों का हिस्सा रहे।

### 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में आज शपथ लेंगे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना



**नई दिल्ली/भाषा।** चुनावी बॉण्ड योजना को खत्म करने और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने जैसे उच्चतम न्यायालय के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सोमवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूर्वाह्न 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे जो रविवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल 13 मई 2025 तक रहेगा। केंद्र ने 16 अक्टूबर को प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की सिफारिश के बाद 24 अक्टूबर को न्यायमूर्ति खन्ना की नियुक्ति को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया।

### बहराइच हिंसा : मुख्य साजिशकर्ता समेत छह और आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच(उप्र)/भाषा।** बहराइच जिले के महाराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा में राम गोपाल मिश्र नामक युवक की हत्या के आरोप में रविवार को पुलिस ने कथित मुख्य साजिशकर्ता सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हिंसा में अब तक दोनों पक्षों से कुल 121 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मामले में फरार आरोपियों सैफ अली, जावेद व शोएब की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 10-10 हजार रुपये का इनाम रखा है। बहराइच की पुलिस अधीक्षक (एसपी) वृंदा शुक्ल ने रविवार शाम संवाददाताओं को बताया कि पिछले माह 13 अक्टूबर को कस्बा महराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान षड्यंत्र के तहत राम गोपाल मिश्र (22) की हत्या कर दी गयी। इसके बाद तोड़फोड़ भी की गई थी।

# बहुध्रुवीय दुनिया की तरफ रुझान, औद्योगिक अर्थव्यवस्थाएं अब भी अहम : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि इस समय अधिक विविधतापूर्ण, बहुध्रुवीय दुनिया की तरफ रुझान बना हुआ है लेकिन पुरानी, औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं का दौर खत्म नहीं हुआ है और अभी भी ये निवेश का प्रमुख लक्ष्य बनी हुई हैं।

जयशंकर ने यहां आदित्य बिड़ला समूह की तरफ से दी जाने वाली छात्रवृत्ति के रजत जयंती समारोह में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में वापसी के बाद तमाम देश



अमेरिका को लेकर थोड़े घबराए हुए हैं, लेकिन भारत उनमें से एक नहीं है। उन्होंने वैश्विक शक्ति की गतिशीलता के बारे में पूछे जाने पर कहा, हां, बदलाव हुआ है। हम खुद इस बदलाव का उदाहरण हैं... अगर आप हमारे आर्थिक वजन को देखते हैं तो आप हमारी आर्थिक रैंकिंग को देखते हैं, आप भारतीय कॉरपोरेट जगत, उनकी पहुंच, उनकी मौजूदगी, भारतीय पेशेवरों को देखते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पुनर्संतुलन हुआ है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसा होना अपरिहार्य भी था। उन्होंने कहा, औपनिवेशिक काल के बाद देशों को स्वतंत्रता मिली और उन्होंने अपनी नीतियां खुद चुननी शुरू कर दी थीं। फिर उनका आगे बढ़ना भी तय था। इनमें से कुछ तेजी से बढ़े, कुछ धीमी गति से बढ़े, कुछ बेहतर तरीके से बढ़े, और वहां शासन की गुणवत्ता और नेतृत्व की गुणवत्ता आई।

विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, अधिक विविधतापूर्ण, बहुध्रुवीय दुनिया की ओर रुझान है। लेकिन, एक ऐसा दौर भी है जब देश वास्तव में आगे बढ़ते हैं। मेरा मतलब है, यह वैसा ही है जैसा कॉरपोरेट जगत में भी हुआ। इसके साथ ही जयशंकर ने इस बात पर बल दिया कि पश्चिम में औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और वे प्रमुख निवेश लक्ष्य बने हुए हैं।

# मॉस्को पर यूक्रेन का ड्रोन हमला, कई लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कीव/एपी।** यूक्रेन ने मॉस्को और उसके उपनगरों में रविवार रात को ड्रोन हमले किए, जिनमें कई लोग घायल हो गए और रूस के कुछ व्यस्ततम हवाई अड्डों पर यातायात अस्थायी रूप से बाधित हो गया। इस बीच, रात में बड़ी संख्या में रूसी ड्रोन ने यूक्रेन को निशाना बनाया।

इससे पहले, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया के साथ शनिवार रात एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत, अगर उनमें से किसी पर भी हमला होता है तो दोनों देश ''सभी साधनों'' का



उपयोग करके तत्काल सैन्य सहायता प्रदान करेंगे। यह समझौता शीत युद्ध की समाप्ति के बाद मॉस्को और प्योंगयांग के बीच सबसे मजबूत संबंध को दर्शाता है।

इस सप्ताह की शुरुआत में यूक्रेन ने बताया कि उसके सैनिकों का उत्तर कोरियाई इकाइयों के साथ पहली बार मुकाबला हुआ। अमेरिकी अधिकारियों ने रूस में कम से कम 3,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती की पुष्टि की थी, जबकि कीव ने बार-बार कहा है कि यह संख्या इससे कहीं अधिक है। इससे एशिया-प्रशांत में तनाव और बढ़ने की आशंकाएं प्रबल हो गई हैं।

इस बीच, ब्रिटेन के रक्षा प्रमुख टोनी राडाकिन ने 'बीबीसी' को बताया कि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर आक्रमण के बाद से रूसी सेना को अक्टूबर में सर्वाधिक जनहानि हुई। उन्होंने कहा कि मॉस्को के ''रोजाना'' औसतन 1,500 सैनिक हताहत हुए और युद्ध में अब तक उसके कुल 7,00,000 सैनिक मारे गए हैं।

इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी क्षेत्र में शनिवार रात भर कुल 84 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया। उसने इसे ''असैन्य बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमला'' बताया।

स्थानीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बताया कि रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन से हमला होने के बाद एक व्यक्ति की मलबे में दबने से मौत हो गई।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, मॉस्को के उपनगर रामेन्सकोए और पास के एक गांव में पांच अन्य लोग घायल हो गए।

## जागरुकता रैली



रविवार को रोटरी बेंगलूरु आईटी कॉरिडोरऔर इनर व्हील क्ल ऑफ बेंगलूरु आईटी कॉरिडोर द्वारा सर्जापुर के एक रिसोर्ट में पशु कल्याण और वरिष्ठ कुत्तों को गोद लेने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित पेट-ए-थॉन में प्राणी प्रेमियों ने अपने अपने पालतू श्वान के साथ भाग लिया और विषय की जानकारी प्राप्त की।

## व्रत ग्रहण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के वीवी पुरम स्थित सीमंधर शान्तिसूरी जैन संघ में आचार्यश्री अरिहंतसागरसूरीश्वर की निश्रा में चतुर्विध संघ की साक्षी में करीब 190 श्रावक श्राविकाओं ने तप व्रत ग्रहण कर प्रतिज्ञा ली। आचार्यश्री ने व्रतों के बारे में विस्तार से समझाया तथा सुशील धाम तीर्थ पर 15 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाले उपधान तप में सभी को जुड़ने का आह्वान किया ।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला द्वारा संचालित ज्ञान वाटिका के बच्चों की भारत वर्ष में चल रही ज्ञान वाटिका परीक्षा में प्रथम स्थान अर्णव चोपड़ा को मिला एवं तुषार धारीवाल व प्रियश चोपड़ा रेंक होल्डर रहे। महिला परिषद द्वारा सभी विजेताओं का सम्मान किया गया।





# माहेश्वरी सभा का दीपावली स्नेह मिलन धूमधाम से सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय माहेश्वरी सभा का दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन पैलेस ग्राउंड सभागार में रविवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नवलकिशोर मालू, माहेश्वरी महिला मंडल उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी सारडा ,माहेश्वरी युवा संघ के अध्यक्ष दीपक मंत्री, माहेश्वरी फाउंडेशन के चेयरमैन प्रहलाद आगीवाल, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन गोपालदास इन्नानी,माहेश्वरी सौहार्द क्रेडिट कोऑपरेटिव लिमिटेड के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डागा, सभा के वरिष्ठ सदस्य विजयकुमार सोमानी, लक्ष्मीकांत राठी कार्यसमिति सदस्य संजय साबू एवं देवेंद्र सोमानी ,नॉर्थ जोन सचिव प्रमोद बल्दुआ द्वारा भगवान महेश का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रभात करनानी ने महेश वंदना की प्रस्तुति दी। अध्यक्ष नवलकिशोर मालू ने सभी का स्वागत व दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली सिर्फ़ दिये जलाने और आतिशबाजी करने से कहीं बढ़कर है यह एकता, खुशी और उम्मीद का जश्न मनाने का समय है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है । उन्होंने परिवार के युवाओं को समाज से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने सभा की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

स्नेह मिलन में कक्षा 12वीं में विज्ञान में टॉपर दिशा लखोटिया तथा वाणिज्य में टॉपर निशा लखोटिया को माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट की ओर से चेयरमैन गोपालदास इनान्नी एवं कोषाध्यक्ष गोवर्धन सोनी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्रेजुएट एवं उच्च शिक्षा के लिए छात्र छात्राओं को सरस्वती पुरस्कार प्रदान किया गया। महिला संगठन सदस्याओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उपाध्यक्ष भगवानदास लाहोटी ने सभी सदस्यों को माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। सदस्यों के लिए लकी ड्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेहा लोहिया ने किया। सह सचिव राजेश मारू ने धन्यवाद दिया।



# हंस जयंती एवं दीपावली स्नेह मिलन पर हुआ संत समागम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मेडाहल्ली स्थित हंस सत्संग आश्रम में मानव उत्थान सेवा समिति शाखा द्वारा हंस जयंती समारोह एवं दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। सत्संग समारोह में सदगुरु देव सतपाल महाराज के आत्म अनुभवी शिष्य महात्मा तूरियानन्दजी, महात्मा आत्म वेदांतानंदजी, महात्मा रंजनानंदजी एवं महात्मा गुणवंतानन्दजी ने हंस महाराज के जीवन दर्शन पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि मानव की सोई हुई चेतना को जगाने के लिए समय-समय पर महान पुरुषों का प्रादुर्भाव धरा धाम पर होता रहा है। इसी श्रृंखला में सदगुरुदेव सतपाल महाराज के पिता एवं गुरु हंस महाराज का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने अपने जीवन काल में मनुष्य को सत्य के मार्ग से जोड़ा। अध्यात्म ज्ञान जो भारत की पुरातन पूंजी है। इस ज्ञान का प्रचार प्रसार देश देशांतर में किया उनके इस अभियान को सदगुरुदेव सतपाल महाराज आज हजारों संत महात्माओं के माध्यम से देश और विदेशों में फैला रहे हैं । मनुष्य का जीवन 84 लाख योनियों के पश्चात प्राप्त होता है इसलिए इसकी महत्तव को समझना आवश्यक है। जब तक व्यक्ति स्वयं को नहीं जानता तब तक उसका पूरा ज्ञान अधूरा है स्वयं को जानने के लिए ही जीवन में गुरु की आवश्यकता पड़ती है। कार्यक्रम का संचालन प्रेम किशोर बरफा ने किया। समिति की ओर से बसवराज, थानाराम गहलोत, पुनीत जैन, प्रवीण जोशी, एम राजगोपालन और संपत कृष्णा ने संत वृंदों का स्वागत किया। नारायणलाल चोयल, सुमेरसिंह प्रजापत ने भजनों की प्रस्तुति दी। यह जानकारी अमनदीप चौहान ने दी।



# दम्पति शिविर में प्रतिभागियों ने परिवार, रिश्ते व आत्मविश्वास की ली शिक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ भवन गांधीनगर में साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद द्वारा दम्पति शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 32 विवाहित जोड़ों सहित कुल 110 लोगों ने भाग लिया। इस शिविर के प्रथम चरण में साध्वी श्री उदितयशा जी ने अध्यात्म के रंग, परिवार के संग विषय पर विस्तार से चर्चा की और परिवार का एक संविधान कैसा होना चाहिए, इस पर विचार साझा किए।

परिवार में सुदृढ़ संबंध, अनुशासन और शांति बनाए रखने के लिए इस संविधान के पालन पर जोर दिया गया। दूसरे चरण में साध्वीश्री संगीतप्रभाजी के सत्र में 'आई जस्ट वॉंट यूअर अटेन्श' के अंतर्गत सवाल-जवाब का सत्र रखा गया।

इसमें जोड़ों को अपने रिश्तों को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा सके। तीसरे चरण में साध्वीश्री भव्ययशाजी ने 18 पापों की अनुप्रेक्षा करवाई, जिससे आत्म-चिंतन और आत्म-परिष्कार का अवसर मिला। चौथे चरण में पति-पत्नी के बीच सौहार्द, समन्वय और सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा दी गई। इसके अतिरिक्त साध्वीश्री भव्ययशाजी और शिक्षाप्रभा जी ने एक रोचक गीतिका का गायन किया।

शिविर के दौरान ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत जैन का सम्मान तेरापंथ सभा द्वारा किया गया। इस मौके पर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पारसमल भंसाली, मंत्री विनोद छाजेड़, तेयुप अध्यक्ष विमल धारीवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन साध्वीश्री संगीतप्रभाजी ने किया। तेयुप मंत्री राकेश चोरड़िया ने धन्यवाद दिया।

# गौड़ ब्राह्मण संघ ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन




बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के गौड़ ब्राह्मण संघ कर्नाटक ने जयनगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में रविवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया, सचिव अनिल शर्मा, सुरेश शर्मा, निर्मल शर्मा, अशोक भुवानिया व समाज के वरिष्ठ राधेश्याम शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। दिनेश उपाध्याय ने मंत्रोच्चार से कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी ने आपस में दीपावली की शुभकामनाएं दी। शिक्षा विकास के लिए समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया। मंच संचालन बिमल सुरोलिया ने किया ।

# धोखाधड़ी वाली कॉल रोकने की प्रणाली ने 2,500 करोड़ रुपए की सार्वजनिक संपत्ति बचाई: ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने धोखाधड़ी वाली कॉल रोकने के लिए तकनीकी प्रणाली तैनात की है, जो रोजाना ऐसी 1.35 करोड़ कॉल को रोक रही है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसने अब तक लोगों की 2,500 करोड़ रुपए की संपत्ति बचाने में मदद की है। मंत्री ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि ज्यादातर फर्जी कॉल देश के बाहर के सर्वर से आते हैं, और प्रणाली ऐसी ज्यादातर धोखाधड़ी वाली कॉल को रोकने में सक्षम हैं। सिंधिया ने कहा, ''आपके फोन पर आने वाली मार्केटिंग कॉल और धोखाधड़ी वाली कॉल से निपटने के लिए हमने एक पूर्ण प्रणाली लागू की है। हमारे दूरसंचार विभाग के धोखाधड़ी का पता लगाने वाले नेटवर्क ने आज 'संचार साथी' और 'चक्षु' के की मदद से लोगों की लगभग 2,500 करोड़ रुपए की संपत्ति बचाई है।''

# रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री भारत दौरे पर, महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक में लेंगे हिस्सा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव भारत में अपनी 'कार्य यात्रा' के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ संयुक्त रूप से यहां 12 नवंबर को 'रूस-भारत अंतर सरकारी आयोग' के एक अहम सत्र में हिस्सा लेंगे जो व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर केंद्रित होगा।

रूसी दूतावास ने रविवार को एक बयान में कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव अपनी यात्रा के तहत 11 नवंबर को मुंबई में रूसी-भारतीय व्यापार मंच के पूर्ण सत्र में भाग लेंगे।

बयान में कहा गया कि मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों देशों के उद्यमियों के बीच सहयोग और संबंधों को बढ़ाना है।

इसका आयोजन भारत के साथ सहयोग के लिए 'बिजनेस काउंसिल फॉर कॉर्पोरेशन विद इंडिया' और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई)' द्वारा किया जा रहा है।

बयान में कहा गया कि 12 नवंबर को नई दिल्ली में रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री मंटुरोव विदेश मंत्री जयशंकर के साथ संयुक्त रूप से व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर केंद्रित 'भारत-रूस अंतरसरकारी आयोग' के 25वें सत्र में हिस्सा लेंगे। दूतावास ने एक बयान में कहा कि अपनी भारत यात्रा के दौरान उप प्रधानमंत्री के कई द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेने की योजना है।

# आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे हैं जगन, सरकार करेगी कार्रवाई : पवन कल्याण



**गुंटूर/भाषा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने रविवार को आरोप लगाया कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ''आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे हैं।'' उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि अगर पुलिस अधिकारियों को कोई नुकसान पहुंचता है तो राज्य सरकार कार्रवाई करेगी।

उपमुख्यमंत्री की यह टिप्पणी जगन रेड्डी के हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि भविष्य की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार विपक्षी पार्टी के सदस्यों को कथित रूप से परेशान करने वाले पुलिस अधिकारियों को नहीं बख्शेगी। कल्याण ने वन विभाग के एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, '' पूर्व मुख्यमंत्री (जगन) पुलिस अधिकारियों को धमका रहे हैं... मैं कह रहा हूं, अगर कोई भी अधिकारियों को ऐसी धमकियां देता है और अगर उन्हें खरोंच भी आती है, तो इसके लिए आप (जगन) जिम्मेदार होंगे।'' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रेड्डी की धमकियों से कोई भी अधिकारी नहीं डरेगा। उन्होंने कहा कि युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख भले ही पूर्व मुख्यमंत्री हों, लेकिन फिर भी उन पर जिम्मेदारी है। कल्याण ने कहा कि जगन भी एक विधायक हैं और साथ ही दावा किया कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना के गठबंधन वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार एक 'अच्छी सरकार' है, न कि एक अक्षम सरकार। जनसेना प्रमुख ने आश्वासन दिया कि यदि आंध्र प्रदेश कांग्रेस समिति (एपीसीसी) की अध्यक्ष वाई एस शर्मिला सुरक्षा के लिए आवेदन करती हैं, तो सरकार उनके खिलाफ खतरों का आकलन करेगी और तदनुसार सुरक्षा प्रदान करेगी।



# तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी हद तक गिर सकता है एमवीए : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जलगांव/बुलढाणा/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले उलेमा काउंसिल की मुस्लिम आरक्षण की मांग से सहमत हैं।

शाह ने जलगांव जिले के रावेर विधानसभा क्षेत्र और बुलढाणा के मल्कापुर विधानसभा क्षेत्र में रैलियों को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने उलेमा संघ द्वारा विपक्षी कांग्रेस को हाल ही में सौंपे गए एक ज्ञापन की ओर इंगित किया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई है। शाह ने बुलढाणा में कहा, ''पटोले अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण खत्म करने और उलेमा काउंसिल की मांग के अनुसार इसे मुसलमानों को देने पर सहमत हो गए हैं।'' उन्होंने रैली में कहा कि मुस्लिम समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग से दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लाभ प्रभावित होंगे, क्योंकि कोटे पर 50 प्रतिशत की सीमा है और कोई भी वृद्धि मौजूदा आरक्षण की कीमत पर होगी।

शाह ने कहा, ''महा विकास आघाडी के नेताओं की सत्ता की लालसा ने उन्हें हाशिए के समुदायों पर उनके कार्यों के दीर्घकालिक परिणामों के प्रति अंधा कर दिया है। भाजपा सभी समुदायों के कल्याण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है, लेकिन मुसलमानों के लिए किसी भी प्रकार के आरक्षण के सख्त खिलाफ है। जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद या विधायक यहां है, हम धर्म आधारित आरक्षण का विरोध करेंगे, यह हमारी प्रतिबद्धता है।'' उन्होंने कहा, ''एमवीए के दलों ने अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण देश की सुरक्षा से समझौता किया है। वे वोटों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर रहे हैं।''

# महाराष्ट्र में सत्ता में आने पर कड़े प्रावधान वाला धर्मांतरण रोधी कानून बनाने का भाजपा का वादा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण रोधी कानून बनाने का वादा और उद्योग की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण के लिए एक कौशल जनगणना के साथ-साथ निम्न आय वाले परिवारों को मुफ्त राशन देने का आश्वासन भी दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई में 25 सूत्री 'संकल्प पत्र 2024' जारी किया, जिसके अनुसार महायुति सरकार की लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता 1,500 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2,100 रुपए की जाएगी।

भाजपा ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में रोजगार के 25 लाख अवसर पैदा करने का वादा किया है और 10 लाख छात्रों को हर महीने 10,000 रुपए का वजीफा देने का आश्वासन दिया है।

राज्य में सत्तारूढ़ महायुति में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल है।

भाजपा के घोषणापत्र में वादा किया गया है कि जबरन और धोखे से धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए एक धर्मांतरण रोधी कानून बनाया जाएगा।

कौशल जनगणना के माध्यम से, सत्तारूढ़ पार्टी ने उद्योग की जरूरतों का पता लगाने और जहां भी आवश्यक हो, कौशल प्रशिक्षण को उन्नत करने का आश्वासन दिया।

घोषणापत्र के अनुसार, अक्षय अन्न योजना के तहत, कम आय वाले परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से हर महीने मुफ्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

## बाला साहेब और सावरकर का अपमान करने वालों का साथ दे रहे हैं उद्धव : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे उस कांग्रेस का साथ दे रहे हैं जिसके नेताओं ने बालासाहेब ठाकरे और हिंदुत्व की विचारधारा वाले विचारक वीर सावरकर का अपमान किया है।

अमित शाह ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी करने के बाद यह बात कही।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनकी पार्टी देश में धर्म आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं देगी।

वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता ने कहा कि विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) (जिसमें शिवसेना, कांग्रेस और शरद पवार की राकांपा शामिल है) की कोई विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने कहा, '' महा विकास आघाडी का भरोसा 'पाताल' से नीचे चला गया है। इसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है।''

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महायुति (जिसमें भारतीय जनता पार्टी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राकांपा शामिल है) को एमवीए से चुनौती मिल रही है। एमवीए के वादे विचारधारा का अपमान करते हैं और तुष्टिकरण को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में चुनाव पूर्व किए गए वादों से मुकर गई है और महा विकास आघाडी की कोई विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं उद्धव ठाकरे से पूछना चाहता हूं कि क्या वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी से वीर सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द कहने का अनुरोध कर सकते हैं।''

अमित शाह ने कहा, ''क्या कांग्रेस का कोई नेता बालासाहेब ठाकरे के सम्मान में कुछ शब्द कह सकता है।''

उन्होंने कहा, ''अच्छा होगा कि महाराष्ट्र के लोग उन लोगों को जान लें जो ऐसे विरोधाभासों के बीच गठबंधन सरकार बनाने का सपना लेकर आए हैं।''

# वक्फ विवाद : कर्नाटक सरकार ने किसानों को नोटिस भेजने वाले अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने भूमि स्वामित्व रिकॉर्ड में बदलाव करने और वक्फ कानून के तहत किसानों को जमीन खाली करने का नोटिस भेजने वाले अधिकारियों को अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

राजस्व विभाग के प्रधान सचिव राजेंद्र कुमार कटारिया ने एक पत्र लिखकर जिलों के सभी क्षेत्रीय आयुक्तों और उपायुक्तों से कहा है कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कुछ भू-संपत्तियां कर्नाटक वक्फ बोर्ड के पक्ष में किए जाने की शिकायतों के बाद हाल में एक बैठक की थी। पत्र में कहा गया है कि उस बैठक में यह तय किया गया था कि भूमि का स्वामित्व बदलने के लिए किसी भी सरकारी कार्यालय या प्राधिकारी द्वारा पूर्व में दिए गए सभी निर्देश वापस लिए जाते हैं। इसमें कहा गया है कि पूर्व में दिए गए सभी नोटिस भी वापस लिए गए हैं और उन जमीनों पर खेती कर रहे किसानों के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए।

पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार किसानों तथा जमीन मालिकों को सात नवंबर को भेजे पत्र और नोटिस वापस लिए जाते हैं। कटारिया ने अपने पत्र में कहा, मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद नोटिस भेजने वाले अधिकारियों को उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कर्नाटक में 13 नवंबर को तीन अहम विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं और उसके बीच यह निर्देश जारी किया गया है।

उत्तर कर्नाटक में विजयपुरा के कुछ किसानों ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि उन्हें जमीन खाली करने के नोटिस दिए गए हैं क्योंकि वक्फ बोर्ड ने इन जमीनों पर अपना दावा जताया है। इसके बाद राज्य के कुछ अन्य हिस्सों से भी शिकायतें मिलने लगी थी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तेजस्वी सूर्या ने 25 अक्टूबर को आरोप लगाया था कि कर्नाटक के वक्फ मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान ने उपायुक्तों तथा राजस्व अधिकारियों को 15 दिन के भीतर वक्फ बोर्ड के पक्ष में जमीनें पंजीकृत करने का निर्देश दिया था जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी।

सूर्या के अनुरोध पर वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने सात नवंबर को कर्नाटक का दौरा किया और हुब्बली, विजयपुरा तथा बेलगावी जिलों के किसानों से मुलाकात की जिन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी जमीनों को वक्फ संपत्ति के तौर पर चिह्नित किया गया है।

प्रचार



हावेरी के शिग्गावी से भाजपा के उम्मीदवार भरत बोम्मई के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा ने सवानूर के हुलगुरी में चुनाव प्रचार किया। इस मौके पर उनके साथ भरत बोम्मई के पिता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बसवराज बोम्मई और पूर्व मंत्री सीसी पाटिल और राजु गौड़ा उपस्थित थे।

# मंड्या गांव में दलितों के पहली बार मंदिर में प्रवेश से तनाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। मंड्या जिले के एक गांव में रविवार को उस समय तनाव फैल गया जब जिला प्रशासन ने दलितों को पहली बार 'कालभैरवेश्वर' मंदिर में प्रवेश और पूजा करने की मंजूरी दे दी। हनाकेरे गांव में रहने वाले ऊंची जाति के लोग दलितों के मंदिर में प्रवेश से नाराज होकर मंदिर में स्थापित धातु वाली 'उत्सव मूर्ति' को कथित तौर पर अपने साथ ले गये। गांव में उच्च जाति के ज्यादातर लोग वोक्कालिगा जाति से ताल्लुक रखते हैं।

मौजूदा तनाव को देखते हुए हनाकेरे में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, गांव में एक पुराना कालभैरवेश्वर स्वामी मंदिर है और दलितों को कभी भी उसमें प्रवेश की अनुमति नहीं थी। लगभग तीन साल पहले मंदिर के पुराने ढांचे को ध्वस्त कर एक नया मंदिर बनाया गया। हाल ही में, यह मंदिर राज्य सरकार के धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के नियंत्रण में आ गया।

इसके तुरंत बाद दलितों ने मंदिर में प्रवेश करने का फैसला किया लेकिन उच्च जाति के समुदाय के लोग इस बात पर सहमत नहीं हुए। दलितों ने अपने साथ हुए भेदभाव की शिकायत जिला प्रशासन से की, जिसके बाद दो शांति बैठकें आयोजित की गईं लेकिन वे विफल रहीं। रविवार को दलितों ने पुलिस सुरक्षा के बीच मंदिर में प्रवेश किया। इस घटनाक्रम से नाराज ऊंची जाति के लोग 'उत्सव मूर्ति' को अपने साथ ले गये। उनमें से एक को यह कहते हुए सुना जा सकता था, उन्हें (दलितों को) मंदिर रखने दो, हम मूर्ति को अपने साथ ले जाएंगे।



# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की पांच नारी शक्ति शाखाओं का हुआ उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 9 नवम्बर को बेंगलूरु से वर्चुअल माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की देश भर में स्थित पाँच नारी शक्ति शाखाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की महाप्रबंधक और सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै भी उपस्थित थीं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बैंक को सलाह दी कि वह महिलाओं के लिए विशेष रूप से प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत क्लस्टर आधारित योजनाएं तैयार करें। उन्होंने महिला उद्यमियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने और रोजगार के माध्यम से राष्ट्र विकास में योगदान देने का आह्वान किया। नारी शक्ति शाखा एक अनूठी तरह की बैंकिंग है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना है। यह शाखा महिलाओं उद्यमियों को विनिर्माण और सेवा इकाइयों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने के अलावा, बैंक सलाहकार सेवाएं, स्टार्ट-अप पर कार्यशाला, कौशल विकास कार्यक्रम, मेंटरशिप और नेटवर्किंग पर ध्यान केंद्रित करेगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बेंगलूरु, चेन्नई, विशाखापत्तनम और जयपुर में नारी शक्ति शाखाएँ प्रारंभ की हैं। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपा।

# सरकारी कॉलेज में छात्रों की लंबी दाढ़ी संबंधी विवाद सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया गया

हासन/दक्षिण भारत। कर्नाटक के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाले जम्मू-कश्मीर के छात्रों की लंबी दाढ़ी को लेकर उपजे विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझ लिया गया है। संस्थान के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह मुद्दा तब प्रकाश में आया जब जम्मू एवं कश्मीर छात्र संघ ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को हासन जिले के होलेनरसिपुरा स्थित कॉलेज में छात्रों के समक्ष आ रही ''महत्वपूर्ण चुनौतियों'' के बारे में पत्र लिखा। हासन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. राजन्ना ने कहा कि छात्रों द्वारा कॉलेज प्रबंधन के निर्देशों का पालन करने पर सहमति जताने के बाद मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझ गया। नर्सिंग कॉलेज में करीब 40 कश्मीरी छात्र हैं, जिन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें ''महत्वपूर्ण चुनौतियों'' का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने श्रीनगर स्थित जम्मू एवं कश्मीर छात्र संघ को अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

छात्र संघ ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में दावा किया कि कॉलेज प्रशासन कश्मीरी छात्रों को कॉलेज की गतिविधियों में भाग लेने या परिसर में प्रवेश करने से पहले अपनी दाढ़ी को बेहद छोटा करने या इन्हें कटवाने के लिए मजबूर कर रहा है। इसमें कहा गया कि जिन छात्रों की दाढ़ी है, उन्हें नैदानिक ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित चिह्नित किया जा रहा है, जिससे उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड और हाजिरी प्रभावित हो रही है। छात्र संघ ने कॉलेज के इस आदेश को छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन करार दिया। हालांकि, डॉ. राजन्ना ने आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने पीटीआई-भाषा' से कहा, इन छात्रों ने गंदे कपड़े पहनने और लंबी दाढ़ी रखने के निर्देश को गलत समझा है। क्लीनिकल प्रक्रिया के दौरान उन्हें अपने कपड़े साफ रखने और दाढ़ी को छोटा करने का निर्देश दिया गया था। राजन्ना ने कहा कि जब उन्हें इस मुद्दे के बारे में पता चला, तो उन्होंने छात्रों से चर्चा की, जो बाद में साफ-सुथरे कपड़े पहनकर आने, समय पर आने और छोटी दाढ़ी रखने के लिए सहमत हुए।

# स्टील निर्माण इकाइयों से 1000 करोड़ रुपए की राशि जुटाकर चुनावों में इस्तेमाल कर रहे हैं कुमारस्वामी : चेलुवरायस्वामी

मंड्या। कृषि मंत्री एन चेलुवरायस्वामी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने महाराष्ट्र, झारखंड में विधानसभा चुनाव और कर्नाटक में उपचुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर देश भर की विभिन्न इस्पात विनिर्माण इकाइयों से 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी दल किसी भी तरह से चुनाव जीतने के लिए बेताब हो गए हैं, जिसमें चुनाव जीतने के लिए गलत तरीके अपनाना भी शामिल है। चुनाव हारने के डर से भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव में भारी मात्रा में नकदी बांटकर चुनाव जीतने का फैसला किया है।

चेलुवरायस्वामी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री के रूप में कुमारस्वामी ने न केवल महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावों के लिए धन जुटाने की जिम्मेदारी ली, बल्कि चन्नपटना विधानसभा सीट के साथ-साथ शिगगांव और संदूर उपचुनावों में भी भारी मात्रा में धन लगाने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मुझे जानकारी मिली है कि कुमारस्वामी ने विभिन्न स्टील निर्माण इकाइयों में काम करने वाले 'मेरे परिचित लोगों' से इस उद्देश्य के लिए 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की है।

# इस बार शिग्गवी-सवानूर निर्वाचन क्षेत्र में पठान को सौ प्रतिशत जीत हासिल होगी : मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



शिग्गावी। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने उम्मीद जताई की इस बार शिग्गावी-सावणूर निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार यासिर अहमद खान पठान शतप्रतिशत चुनाव में विजयी होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई की पिछले चुनाव की कहानी अलग थी इस चुनाव के नतीजे अलग होंगे। उन्होंने शिग्गावी में एक विशाल सार्वजनिक बैठक में प्रचार किया और भाषण दिया। पिछले चुनाव में हमने पठान को टिकट दिया था। न तो मैं और न ही हमारी पार्टी के नेता प्रचार के लिए आ सके। इसलिए पठान को झटका लगा।

इस बार उपचुनाव होने की वजह से मैंने तय कर लिया है कि पठान को यह चुनाव जरूर जीतना चाहिए। मेरे इस फैसले में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मंत्री सतीश जारकीहोली, लक्ष्मी हेब्बालकर, ईश्वर खांड्रे, शिवानंद पाटिल, एचके पाटिल सभी ने पूर्ण सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि इसलिए इस बार शिग्गावी के लोगों ने पठान को जीताने का फैसला लिया है। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आत्मविश्वास से कहा कि पिछले चुनाव की कहानी अलग है- इस चुनाव का नतीजा अलग होगा।

सिद्दरामय्या ने कहा कि झूठे प्रधानमंत्री मोदी ने हम पर नए-नए झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उन्होंने झूठ बोला कि कांग्रेस उत्पाद शुल्क विभाग से 700 करोड़ रुपये लेकर महाराष्ट्र में चुनाव करा रही है। 'अगर मोदी ने जो कहा वह साबित कर दें तो मैं राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दूंगा।' मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दी कि तो क्या वह संन्यास की घोषणा करेंगे। मोदी परिवारवाद की राजनीति के बारे में भयानक भाषण देते हैं। लेकिन यहां आपने पूर्व मुख्यमंत्री एसआर बोम्मई के पोते, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बेटे को टिकट दिया है, क्या यह परिवारवाद की राजनीति नहीं है?

पूर्व प्रधान मंत्री देवेगौड़ा, उनके बच्चे कुमारस्वामी, रेवन्ना, कुमारस्वामी की पत्नी अनीता कुमारस्वामी, रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना सभी को चुना गया। अब कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी, रेवन्ना के बेटे प्रज्ज्वल रेवन्ना, सूरज रेवन्ना... क्या ये सभी मोदी के हैं? मोदी के लिए भाषण देना आसान है जब मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि क्या ये सभी परिवार की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसा आप कहते हैं वैसा करना आपके लिए संभव नहीं है।

कोरोना वायरस के दौरान पूरे प्रदेश के लोगों की क्या स्थिति थी, यह हम भी जानते हैं और आप भी जानते हैं। ऐसी स्थिति में भी खबर है कि मुख्यमंत्री येडीयुरप्पा, मंत्री श्रीरामुलु, सुधाकर ने चीन के साथ व्यापार किया और पीपीई किट खरीदकर कमीशन खाया और पैसे लूटे। क्या चामराजनगर में बिना ऑक्सीजन दिए 39 लोगों की मौत का कारण बनने वाले सभी लोगों को माफ कर दिया गया है? उन्होंने लोगों से कहा कि 'अगर आप उन्हें माफ कर देंगे और वोट देंगे तो सोचिए कि क्या आपके वोट का सम्मान किया जाएगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सबसे खराब सरकार है जिसने कोरोना के दौरान शवों और ताबूतों पर भी पैसा लूटा। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में इतनी खराब सरकार कभी नहीं आई। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने लोगों से प्रश्न किया कि क्या शिग्गावी का विकास हुआ है। बसवराज बोम्मई को यहां की जनता ने चार बार जिताया। उन्हें विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद भी बनाया। क्या शिग्गावी निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ ठोस कार्य उन्होंने किया है क्या? अब बोम्मई को लगता है कि वे सिर्फ पैसे से शिग्गावी मतदाताओं को जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह शिग्गावी के लोगों का अपमान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पांच गारंटी के माध्यम से प्रदेश के हर परिवार को आर्थिक मजबूती दी है। हमने काम किया, बात रखी और आपके सामने खड़े हुए। हम काम कर रहे हैं और मजदूरी मांग रहे हैं। इस बार कांग्रेस उम्मीदवार पठान जीते हैं, वह सदैव आपकी सेवा में है। सरकार पठान के साथ रहेगी। उन्होंने कहा, आइए हम सभी शिग्गावी लोगों की प्रगति और निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए पठान के साथ मिलकर काम करें।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने देवेगौड़ा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अब देवेगौड़ा भूल गए हैं कि उन्होंने मोदी के बारे में क्या बात की थी। देवेगौड़ा कहते थे कि अगर मोदी प्रधानमंत्री बने तो वह देश छोड़ देंगे। अब वह कह रहे हैं कि जब तक कांग्रेस सरकार नहीं हट जाती तब तक उन्हें नींद नहीं आएगी। वे आंसु बहा रहे हैं। लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। आंसू बहाना उनका इतिहास रहा है। अगर आपका इतिहास आंसू बहाने का है तो जब देवेगौड़ा हासन की बेटियों के लिए आंसू क्यों नहीं बहा रहे हैं? उन्होंने प्रताड़ित लड़कियों से मुलाकात भी नहीं की।



## विपक्षी नेता आर. अशोक का सवाल

# कांग्रेस नेता किस मुंह से कह रहे हैं कि उन्होंने लूट नहीं की है?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चन्नपट्टना। लोग इसे उत्पाद विभाग के घोटाले की शिकायत बता कर चर्चा कर रहे ह।. विपक्ष के नेता आर.अशोक ने सवाल किया कि कांग्रेस नेता किस जुबान से कह रहे हैं कि उन्होंने लूट नहीं की है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्पाद विभाग में घोटाले की बात कही, कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह झूठा आरोप है। इसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के साथ ही शराब विक्रेता संघ ने भी यह बात कही है। यह बात मीडिया में भी आई है। लोग इस बारे में बात भी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस नेता किस जुबान से कह रहे हैं कि हमने लूट नहीं की है।

जैसा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, महाराष्ट्र के लिए 700 करोड़ चला गया है राज्य के उपचुनावों के लिए 200 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा रहा है। यदि यह गलत है तो कांग्रेस सरकार शिकायतकर्ता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराये। उन्होंने शिकायत की कि कांग्रेस का पैसा आबकारी विभाग से आता है और राज्य सरकार चुनाव के लिए एटीएम है। वाल्मीकि विकास निगम में 187 करोड़ की लूटपाट साबित हो चुकी है। इस बात को खुद मुख्यमंत्री ने भी स्वीकार किया है। अजीम प्रेमजी की कंपनी स्कूली बच्चों को अंडे देती है तो सरकार ने उसे बच्चों तक नहीं पहुंचाया है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यही इस सरकार की खूबी है।

उन्होंने कहा कि वक्फ के पास 1.12 लाख एकड़ जमीन है। अगर उनके पास इतनी जमीन है तो राज्य में किसी के पास जमीन नहीं होगी। मुस्लिम नेताओं ने खुद वक्फ को आड़े हाथों लिया है। नादप्रभु केम्पेगौड़ा ने अक्कीपेटे, बेलेपेटे आदि नगरों का निर्माण कराया था। वक्फ का दावा है कि ये कस्बे भी उनके हैं। एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं नोटिस मत दीजिए। वहीं उन्होंने कहा कि वह भूमि अधिग्रहण की प्रगति समीक्षा बैठक करेंगे।

किसानों के पक्ष में बोलने पर सरकार ने सांसद तेजस्वी सूर्या पर केस दर्ज किया है। साथ ही, एक रिपोर्ट बनाई गई और लीक कर दी गई, जिस पर कोविड घोटाला होने का झूठा आरोप लगाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा और श्रीरामुलु के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी कर ली गई है। यह झूठ चुनाव के दौरान रचा गया, बिना पूरी रिपोर्ट के। रेड कमीशन के गठन को दस साल हो गए, रिपोर्ट आधी भी नहीं आई। येडीयुरप्पा को एक अपराधी के रूप में 'चित्रित' करने के लिए उन पर हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि ये सब नफरत की राजनीति है।

राज्य में कोई गारंटी योजना नहीं है। लोगों को तीन, चार महीने में एक बार गारंटीशुदा पैसा मिल रहा है। डीके शिवकुमार कहते हैं कि यहां आकर देखें। उन्होंने कहा, ''पहले, आइए यहां परियोजनाओं को ठीक से लागू करें।'' निखिल कुमारस्वामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन से चुनाव लड़ रहे हैं। बताया गया है कि ऐसा माहौल बन चुका है कि निखिल ही जीतेंगे। अशोक ने कहा कि निखिल जरूर जीतेंगे।

# झूठ बोलने का यह स्तर प्रधानमंत्री के पद का अपमान है : मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झूठ बोलना का कोई सानी नहीं है। मोदी के नए झूठ पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि इस स्तर पर झूठ बोलना प्रधानमंत्री के पद का बड़ा अपमान है। हुब्बल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया के सवालों के जवाब दिए। पत्रकार द्वारा प्रधानमंत्री के उस झूठ के बारे में पूछे गए सवाल पर कि कांग्रेस कर्नाटक में उत्पाद शुल्क विभाग का 700 करोड़ का पैसा लाकर महाराष्ट्र में चुनाव करा रही है, मुख्यमंत्री ने उपरोक्त जवाब दिया। कहां हैं उत्पाद शुल्क विभाग के 700 करोड़? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इस स्तर के ज्ञान की कमी नहीं होनी चाहिए।

सेवानिवृत्त जस्टिस कुन्हा की रिपोर्ट के आधार पर येडीयुरप्पा और श्रीरामुलु के खिलाफ अगली कार्रवाई के बारे में पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट पहले कैबिनेट के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद इस पर फैसला बाद में किया जाएगा। बोम्मई के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कि वह कुन्हा आयोग की रिपोर्ट की धमकी से नहीं डरते हैं, आयोग की रिपोर्ट खतरा कैसे बन जाती है? उन्होंने फिर पूछा कि उन्होंने लोगों के पैसे कैसे लूटे और फिर उन्हें धमकी दी।

येडीयुरप्पा के इस आरोप पर कि 30 साल पहले कांग्रेस सरकार के दौरान उन्हें मारने की कोशिश की गई थी, येडीयुरप्पा ने शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई? उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है। मुडा मामले में, क्या तहसीलदार ने नए झूठ का जवाब दिया कि स्टांप शुल्क का भुगतान तहसीलदार द्वारा किया गया था? उन्होंने पूछा कि ऐसे झूठ कौन रचता है।

# युवक ने पत्नी, बच्चे की हत्या कर ट्रेन से कट कर आत्महत्या की

मंगलूरु/दक्षिण भारत। मंगलूरु के मुल्की पुलिस थाना क्षेत्र के पक्षीकेरे इलाके में एक युवक ने अपनी पत्नी और चार वर्ष के बेटे की कथित तौर पर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी और उसके बाद ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंगलूरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस को आज दोपहर घटना के बारे में जानकारी मिली जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आठ नवंबर को अपराह्न 12 बजकर 40 मिनट पर कार्तिक भट्ट (32) ने मुल्की पुलिस थाना क्षेत्र के कलापुर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो पाई क्योंकि शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था और घटनास्थल पर कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज भी नहीं मिले।

उसने बताया कि आज सुबह घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को एक मोटरसाइकिल की चाबी मिली। पुलिस को शक हुआ कि यह चाबी कार्तिक की मोटरसाइकिल की हो सकती है जिसे उसने संभवत: घटनास्थल के निकट खड़ा किया होगा। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में खोजबीन शुरू की और दोपहर में पुलिस को एक वाहन मिला जिसमें वह चाबी लग गयी जिसके बाद उस गाड़ी का पंजीकरण विवरण निकाला गया जिसकी फोटो से मृतक के चेहरे का मिलान हो गया। उसने बताया कि आरसी से उसके घर का पता चला। पुलिस ने बताया कि आज शाम जब पक्षीकेरे में उसके पते पर पुलिस ने जांच की उसकी पत्नी और बेटे के शव मिले जिन पर चाकू से वार किए जाने के निशान थे। उसने बताया कि एक कमरे में छत के पंखे से एक साड़ी भी बंधी हुई थी जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि संभवत: किसी ने कमरे में आत्महत्या करने का प्रयास भी किया होगा।

# राइजिंग राजस्थान 'आईटी एवं स्टार्टअप प्री-सम्मिट' का आयोजन कल

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगा कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट के संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार, 12 नवंबर को जयपुर स्थित होटल आईटीसी राजपूताना में 'आईटी और स्टार्टअप प्री-समिट' का आयोजन किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय उद्योग परिसंघ के तत्वावधान में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस प्री-समिट में तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में निवेश करारों (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। साथ ही डिजिटल राजस्थान यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक वितरण भी किया जाएगा।




सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि प्री-समिट में राजस्थान में डिजिटल परिवर्तन की संभावनाओं, आमजन को प्रदान की जा रही डिजिटल सेवाओं और भविष्य में डिजिटल तकनीकों के माध्यम से राज्य के विकास को गति देने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी, नवाचार और ई-गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में उभरते अवसरों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा। पहले सत्र में 'बिल्डिंग राजस्थान एज एन आईटी एंड इनोवेशन हब' विषय पर तकनीकी विशेषज्ञ विचारविमर्श करेंगे। इस सत्र का संचालन डाटा इंजिनियस ग्लोबल लिमिटेड के सीईओ अजय डाटा करेंगे और बीआईएसआर के ईडी प्रोफेसर पूर्णेंदु घोष, थ्रिलोफिलिया की सह-संस्थापक सुचित्रा गुरनानी डागा, मेटाक्यूब सॉफ्टवेयर के सह-संस्थापक पारिजात अग्रवाल तथा सेंटर फॉर एंटरटेनमेंट आर्ट्स के सह-संस्थापक दिवाकर गांधी पैनल में अपने विचार रखेंगे। दूसरे सत्र में गिरनार सॉफ्टवेयर (कारदेखो) के सह-संस्थापक अनुराग जैन, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी और एनवीडिया के निदेशक, दक्षिण एशिया गणेश महाबाला भी उपस्थित जन को संबोधित करेंगे।

प्री-समिट के दूसरे सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की गरिमामयी उपस्थिति में तकनीकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश करारों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। राजस्थान में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए वित्तीय, शैक्षणिक संस्थाओं और कॉर्पोरेट भागीदारों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इन एमओयू से राजस्थान में तकनीक और नवाचार के क्षेत्र को नई ऊंचाई मिलेगी।

करतब



पुष्कर में रविवार को राजस्थान के पुष्कर में वार्षिक पुष्कर मेले में एक सजे-धजे ऊंट ने अपनी पिछली टांगों पर खड़े होकर लोगों का मन मोह लिया।

# राजस्थान में 20 कॉलेजों की दीवारों को 'नारंगी' रंग से रंगने के आदेश, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने कायाकल्प योजना के तहत 20 सरकारी कॉलेजों को अपने भवनों और प्रवेश कक्षों के सामने के हिस्से को नारंगी (ऑरेंज) रंग से रंगने का निर्देश दिया है जिससे शिक्षा संस्थानों के परिवेश में सकारात्मकता आएगी। 'कायाकल्प' योजना देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सफाई, स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक राष्ट्रीय पहल है। वहीं, विपक्षी कांग्रेस ने राज्य सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए इसे शैक्षणिक संस्थानों का राजनीतिकरण करने का प्रयास बताया। कॉलेज शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक (योजना) विजेंद्र कुमार शर्मा ने इस बारे में एक आदेश पिछले महीने जारी किया था। इसके तहत कॉलेजों के भवन के सामने के भाग (फ्रंट) और प्रवेश हॉल का रंग 'व्हाइट गोल्ड' और 'ऑरेंज क्राउन' किया जाएगा।

आदेश में कहा गया है, कॉलेज उच्च शिक्षा के मुख्य केंद्र हैं। कॉलेज का शैक्षणिक माहौल और परिदृश्य छात्रों के लिए ऐसा होना चाहिए कि वे कॉलेज में प्रवेश करते ही सकारात्मक महसूस करें। उच्च शिक्षा के बारे में समाज में एक अच्छा संदेश जाना चाहिए और इसलिए कॉलेजों में सकारात्मक, स्वच्छ, स्वस्थ और शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए कॉलेजों का कायाकल्प किया जाना चाहिए। संयुक्त निदेशक ने आदेश में कहा गया है कि योजना के पहले चरण में प्रत्येक संभाग के दो सरकारी कॉलेजों को शामिल किया गया है और 20 कॉलेजों के भवनों के सामने के हिस्से और प्रवेश हॉल को एशियन पेंट्स व्हाइट गोल्ड 8292' और 'एशियन पेंट्स ऑरेंज क्राउन 7974 से रंगा जाना चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी ने इसको लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह कॉलेजों में शिक्षा का राजनीतिकरण करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार लोगों से किए गए चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। सरकार के पास अपनी उपलब्धियों के रूप में बताने के लिए कुछ भी नहीं है और ध्यान हटाने के लिए, वह इस तरह के कदमों का सहारा ले रही है।



# ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024 को सफल बनाकर राजस्थान को गौरवान्वित करें: पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024, जिसके आयोजन में अब सिर्फ एक महीना बचा है, से जुड़ी तैयारियां और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसके तहत मुख्य सचिव सुधांश पंत ने, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक (इंटेलीजेंस) संजय अग्रवाल, और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा के साथ, शनिवार को समिट के आयोजन स्थल जेईसीसी कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा, में कार्यक्रम के आयोजन और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन जेईसीसी कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा में 9-10-11 दिसंबर को होगा।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य सचिव पंत ने कहा, 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट, 2024 में अब बस एक महीना बचा है और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों को आखिरी रूप देने का समय आ गया है। यह समिट राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे सफल बनाकर राजस्थान को गौरवान्वित करें। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि इस समिट की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों और सरकार के अन्य सहयोगी संगठनों को सुव्यवस्थित क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

इस बैठक के दौरान, मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल के लेआउट और जेईसीसी में यातायात और पार्किंग प्रबंधन के साथ-साथ प्रोटोकॉल और एस्कॉर्ट व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा प्रबंधन जैसी तैयारियों की समीक्षा की। इसके अलावा, समिट के उद्घाटन के मुख्य अतिथि से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की जा रही तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

इस आयोजन में शामिल होने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और संभावित निवेशकों की उपस्थिति के मद्देनजर जयपुर को अपने बेहतरीन स्वरूप में प्रस्तुत करने के महत्व पर भी मुख्य सचिव पंत ने जोर दिया और इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को अपनी गतिविधियाँ सुव्यवस्थित करने और इस तीन दिवसीय प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए कहा। इस बैठक के दौरान, समिट के लिए बनायी गयी यातायात और सुरक्षा पर कार्यात्मक समिति ने जेईसीसी, सीतापुरा में तैयारियों सहित अपने-अपने कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रदान की और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के सफल आयोजन के लिए हाल के महीनों में उठाए गए कदमों और प्राप्त प्रगति को साझा किया। इस अवसर पर जयपुर के पुलिस आयुक्त, उद्योग और वाणिज्य विभाग के आयुक्त, जयपुर के कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, रीको के प्रबंध निदेशक सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन जो इस समिट का नोडल विभाग है – की सहायता कर रहे कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), जो 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का समिट इंडस्ट्री पार्टनर है और अन्य सहयोगी संगठन भी उपस्थित थे।

# खुद को आईआरएस अधिकारी बताने वाला युवक गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर पुलिस ने खुद को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) का अधिकारी बताने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी। अधिकारियों के अनुसार, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी सर्वेश कुमावत मध्य प्रदेश के उज्जैन का रहने वाला है और लोगों को बताता था कि वह जयपुर में एनसीबी का क्षेत्रीय निदेशक है।

अधिकारियों के मुताबिक, जब ब्यूरो के अधिकारियों को इस व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को उसके बारे में बताया। इस बीच, शनिवार को आरोपी एक महिला से मिलने उज्जैन से जयपुर आया और जयपुर पुलिस की टीम ने उसे पकड़ लिया। विद्याधर नगर के थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि एनसीबी द्वारा उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने अपने सोशल मीडिया खातों पर खुद को केंद्र सरकार का अधिकारी बताया है।



# भाजपा की जीत ही होगी अमृतलाल मीणा को सच्ची श्रद्धांजलि : दीया कुमारी

सलूम्बर (उदयपुर)/दक्षिण भारत । राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि तेरह नवंबर को सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ही पूर्व विधायक अमृतलाल मीणा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्रीमती दीया कुमारी शनिवार को सलंबूर में भाजपा प्रत्याशी शांता देवी के समर्थन में जनसंपर्क कर रही थी। उन्होंने कहा कि श्रीमती शांता देवी की जीत ही स्वर्गीय अमृतलाल मीणा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि मीणा ने मेवाड़ की विपरीत परिस्थितियों में भी कमल खिलाये रखा, क्योंकि वह एक मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होने सलूंबर के विकास के लिए भरपूर प्रयास किये और उनकी कमी सलूंबर और भाजपा को हमेशा खलती रहेगी। लेकिन अब शीर्ष नेतृत्व ने उनकी पत्नी शांता देवी को यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने अपील की कि शांता देवी को जीताकर अमृतलाल मीणा को सच्ची श्रद्धांजलि दे।

उपमुख्यमंत्री ने सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के जावद में जनसभा को संबोधित किया और फिर सलूंबर कस्बे में एक रोड शो भी किया। रोड शो में भारी संख्या में स्थानीय निवासी, ख़ासकर महिलाओं ने हिस्सा लिया।



# प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : पटेल

जयपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित आवश्यक कार्यवाही कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा दिसंबर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पूर्व प्रदेश भर में इन्वेस्टर मीट से निवेश के अनुकूल वातावरण बना है। इस समिट से प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

संसदीय कार्य मंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बजट घोषणा के कार्यों को शीघ्र आरम्भ करने एवं तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को रास्ते में अतिक्रमण सहित विभिन्न प्रकरणों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा प्रदेश सरकार का लक्ष्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करके उन्हें राहत प्रदान करना है।





# राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव का प्रचार चढ़ा परवान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में तेरह नवंबर को सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में प्रचार का दौर पूरे परवान चढ़ा हुआ है और सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक पार्टियों एवं उनके दिग्गज नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झौंक रखी है। प्रदेश में झुंझुनूं, रामगढ़, दौसा, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर एवं चौरासी विधानसभा क्षेत्र में रिक्त सीटों पर हो रहे इस उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार का शोर सोमवार शाम को थम जायेगा। इससे पहले भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेम चंद बैरवा, भाजपा के हरियाणा प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनियां, केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी एवं भूपेन्द्र यादव तथा राज्य के कृषि मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा एवं अन्य कई मंत्रियों, सांसदों सहित भाजपा के कई दिग्गज नेताओं ने अपनी ताकत झौंक दी है। हालांकि पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे चुनाव प्रचार में नहीं दिख रही हैं।

इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, सांसद बृजेन्द्र ओला , हरीश मीणा एवं संजना जाटव, विधायक सहित पार्टी के कई दिग्गज नेता अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। हालांकि इस बार उपचुनाव प्रचार में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी नजर नहीं आये हैं।

इस बार सबसे चर्चित विधानसभा सीट बनी खींवसर में शुरु से ही अपना राजनीतिक दबदबा बनाये रखने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (भाजपा) के संयोजक एवं सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा को बरकरार रखने के लिए रात दिन एक कर रखा हैं। हालांकि इस बार उनका किसी पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं हुआ है और वह पार्टी के लोगों के साथ अपने प्रत्याशी एवं पत्नी कनिका बेनीवाल के लिए चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगा रखी हैं।

इसी तरह भारत आदिवासी पार्टी (बाप) के नेता एवं सांसद राजकुमार रोत भी चौरासी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अनिल कुमार कटारा एवं सलंबूर में अपने प्रत्याशी जितेश कटारा के समर्थन में चुनाव प्रचार करने में अपनी ताकत लगा दी हैं। इनके अलावा झुंझनूं उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा भी इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा रखी वहीं देवली-उनियारा से कांग्रेस के बागी एवं निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने भी अपनी पूरी ताकत झौंक रखी हैं।

इन सात विधानसभा क्षेत्रों में झुंझुनूं, देवली-उनियारा, दौसा एवं रामगढ़ सीट पर कांग्रेस का कब्जा जबकि सलूंबर में भाजपा, खींवसर में रालोपा एवं चौरासी में बाप पार्टी का विधायक था। उपचुनाव में सबसे ज्यादा चुनौती कांग्रेस के लिए मानी जा रही है जहां उसे चार सीटों पर अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखनी हैं। उपचुनाव में एक सीट बरकरार रखने की चुनौती का सामना कर रही भाजपा को इस बार एक से अधिक सीट हासिल होने पर फायदा ही फायदा हैं जबकि रालोपा और बाप को अपनी चुनाव प्रतिष्ठा बरकरार रखने की चुनौती है।

पहली बार मुख्यमंत्री बने भजन लाल शर्मा प्रदेश के विकास में जहां जी जान लगा रखी हैं वहीं उपचुनाव में भी वह ताबड़तोड़ चुनाव सभाएं कर रहे हैं अपनी सरकार के ग्यारह महीनों एवं केन्द्र सरकार की उपल्बधियां गिना रहे हैं और जनहित के काम कर राजस्थान को राज्यों में शीर्ष पर पहुंचाने का दावा भी कर रहे हैं जबकि कांग्रेस और अन्य दल राज्य सरकार की कमियां बताकर जनता से अपने प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। तेरह नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

# डोटासरा ने सांसद बेनीवाल पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया

जयपुर। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा उन्होंने उपचुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के मुद्दे पर 'दोहरा मापदंड' अपनाया। उन्होंने कहा कि बेनीवाल इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सम्मानित सांसद हैं, लेकिन हम राजस्थान में कांग्रेस को गिरवी नहीं रखेंगे। डोटासरा नागौर जिले के खींवसर में कांग्रेस प्रत्याशी रतन चौधरी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे जहां उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा।



डोटासरा ने कहा, आप (बेनीवाल) खुद ही कहते हो कि मैं समझौता नहीं करूंगा। मेरा राजस्थान में समझौता नहीं है... और जब हमने (उपचुनाव के लिए) टिकट की घोषणा कर दी तो आपने कहा कि समझौता तोड़ दिया। बेनीवाल 2023 के विधानसभा चुनाव में नागौर जिले की खींवसर सीट से निर्वाचित हुए थे। उन्होंने 'इंडिया' के घटक दल के रूप में नागौर से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीते। ग्रेस ने खींवसर में उपचुनाव आरएलपी के साथ किसी भी गठबंधन के बिना लड़ने का फैसला किया और अपने उम्मीदवार रतन चौधरी को मैदान में उतारा। बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल आरएलपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं।

डोटासरा ने कहा, हनुमान बेनीवाल हमारे इंडिया के बहुत ही सम्मानित सांसद हैं, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस को गिरवी नहीं रखेंगे। कांग्रेस का कार्यकर्ता जिंदा रहना चाहिए कांग्रेस के कार्यकर्ता का सम्मान रहना चाहिए। उन्होंने कहा, हम गठबंधन को आज भी मानते हैं और पांच साल मानते रहेंगे। कांग्रेस संसद में उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में गठबंधन नहीं करेगी।

डोटासरा ने कहा, कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। हम बाहरी मदद नहीं लेते। आज भी जब 'इंडिया' की बात आएगी तो कांग्रेस पार्टी हनुमान बेनीवाल के साथ लोकसभा में खड़ी रहेगी, लेकिन हम पार्टी कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं होने देंगे और उनके सम्मान के लिए लड़ेंगे।

डोटासरा ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, दस महीने पहले हुए चुनाव में भाजपा ने भ्रमित कर झूठ और फरेब फैलाकर प्रधानमंत्री के माध्यम से दुष्प्रचार करवा कर सरकार बनाई लेकिन अब तक के शासन में सत्तारूढ़ सरकार ने क्या दिया इस पर विचार करना होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में तीन किलोमीटर का मेगा रोड शो किया, लोगों में दिखा उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**रांची/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी राज्य झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को तीन किलोमीटर के मेगा रोड शो में हिस्सा लिया। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए हजारों लोग सड़क किनारे खड़े देखे गए।

फूलों और कटआउट से सजे भगवा रंग के खुले वाहन में सवार प्रधानमंत्री ने भीड़ की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री को देखकर भीड़ 'मोदी जिंदाबाद' नारे लगाती दिखी। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने अपने मोबाइल फोन में रोड शो की झलकियों को कैद कर अपना उत्साह जाहिर किया। पिछले छह माह में प्रधानमंत्री का यह दूसरा रोड शो था। कड़े सुरक्षा इंतजाम और भारी पुलिसबलों की तैनाती के बीच यह रोड शो 'ओटीसी ग्राउंड' से शुरू हुआ जो न्यू मार्केट चौक पर समाप्त हुआ। भाजपा के एक नेता ने कहा, ''रोड शो की शुरुआत में, लगभग 501 ब्राह्मणों ने जीत के संकल्प के साथ शंखनाद किया।'' जब प्रधानमंत्री भीड़ की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे तो उस समय केंद्रीय मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ, रांची के उम्मीदवार सीपी सिंह और हटिया के भाजपा उम्मीदवार नवीन जायसवाल उनकी बगल में बैठे देखे गए। रातू रोड इलाके में लोग अपने घरों की छतों पर खुशी से चिल्लाते और अपने नेता की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की करते हुए देखे गए। इसके साथ ही आदिवासी लोगों ने बैंड पार्टियों के साथ सड़क पर संगीत वाद्ययंत्र बजाए। बहुत से लोग भाजपा के झंडे थामे हुए थे। कई जगहों पर महिलाएं केसरियां रंग की साड़ी पहने दिखीं और उन्होंने कमल का बैज लगाया हुआ था। कई महिलाओं ने दीप जलाए, शंख बजाये, प्रधानमंत्री के लिए आरती की तथा अपने घरों को रंगीन बल्ब, फूलों और दीयों से सजाया। कई महिलाएं प्रधानमंत्री के समर्थन में नारे लिखी तख्तियां और बैनर लेकर खड़ी थीं जबकि अन्य ने मंदिर की तस्वीरों के साथ अयोध्या राम मंदिर की प्रतिकृतियां पकड़ी हुई थीं। भाजपा नेता ने कहा, ''रोड शो के मद्देनजर कई महिलाओं ने उपवास रखा।'' रातू की 44 वर्षीय रेखा देवी ने कहा, ''मैंने आज इस रैली के लिए उपवास रखा। मैं अपने नेता की एक झलक पाने के बाद उपवास तोड़ूंगी। उन्होंने महिलाओं के हितों के लिए बहुत काम किए हैं।'' रांची के संजय सिंह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि झारखंड में भाजपा सत्ता में आएगी। विवेक ने कहा, ''जब मैंने रातू रोड पर प्रधानमंत्री मोदी को देखा तो मुझे अपनी आंखों पर यकीन ही नहीं हुआ और यह मेरे के लिए हमेशा यादगार रहेगा।'' रोड शो से पहले प्रधानमंत्री ने दो रैलियों को संबोधित किया जिनमें एक बोकारो और दूसरी गुमला में हुई।



# सपा के पीडीए का मतलब दंगाइयों और अपराधियों का 'प्रोडक्शन हाउस' : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अम्बेडकर नगर/प्रयागराज/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के 'पीडीए' (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की नई परिभाषा देते हुए इसे दंगाइयों और अपराधियों का 'प्रोडक्शन हाउस' करार दिया और कहा कि दुर्दांत अपराधी, माफिया और दुष्कर्मी पैदा करने वाले इस 'प्रोडक्शन हाउस' के 'सीईओ' अखिलेश यादव और 'ट्रेनर' शिवपाल यादव हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए तंज किया कि किसान कह रहा है कि लगे हाथ डीएपी (डाई अमोनियम फास्फेट खाद) का भी फुल फॉर्म बता दीजिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने साल 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पीडीए का नारा दिया था। पार्टी ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग को सम्बोधित इस नारे का इस्तेमाल इस साल सम्पन्न संसदीय चुनाव में भी किया था और उसने लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 सीटें जीती थीं।

आदित्यनाथ ने अम्बेडकर नगर जिले की कटेहरी विधानसभा सीट पर आगामी 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के सिलसिले में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''सपा पीडीए की बात करती है... लेकिन आपको बता दें कि उनका पीडीए क्या है। यह दंगाइयों और अपराधियों का 'प्रोडक्शन हाउस' है। मैं आपको यह नई परिभाषा दे रहा हूं। उन्होंने कहा, यहां (प्रोडक्शन हाउस) हर दुर्दांत अपराधी, हर दुर्दांत माफिया, हर दुर्दांत दुष्कर्मी पैदा होता है। इसके सीईओ (मुख्य अधिशासी) अखिलेश यादव हैं। इनके 'ट्रेनर' (प्रशिक्षक) शिवपाल यादव हैं।''

आदित्यनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा, ''किसी भी बड़े अपराधी, माफिया या दंगाई को याद करें... वे सपा के प्रोडक्शन हाउस से निकले हैं।'' आदित्यनाथ के इस बयान के कुछ घंटों बाद ही सपा के अध्यक्ष यादव ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए तंज किया कि किसान कह रहा है कि लगे हाथ डीएपी (डाई अमोनियम फास्फेट खाद) का भी फुल फॉर्म बता दीजिए जिससे शायद यह याद आ जाए कि खाद के लिए प्रदेश में किसानों की कतारें लगी हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर पोस्ट में कहा,'' पीडीए कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा।''

## प्रधानमंत्री ने कबाड़ के निस्तारण से हुई कमाई के लिए विशेष अभियानों की सराहना की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सरकार के उन विशेष अभियानों की सराहना की जिनके जरिए कबाड़ के निस्तारण से 2021-24 के बीच केंद्र सरकार को 2,364 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से स्थायी परिणाम प्राप्त हो सकते हैं, जिससे स्वच्छता और आर्थिक समझदारी दोनों को बढ़ावा मिलता है। केंद्र सरकार ने हाल ही में संपन्न स्वच्छता अभियान के दौरान कबाड़ के निस्तारण से 650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है।

कुल मिलाकर, सरकार द्वारा 2021-24 के बीच चलाए गए विशेष अभियानों से कबाड़ों के निस्तारण के माध्यम से 2,364 करोड़ रुपए का राजस्व कमाया है। मोदी ने विशेष अभियान 4.0 पर केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की एक पोस्ट को टैग करते हुए 'एक्स' पर कहा, ''प्रशंसनीय! कुशल प्रबंधन और सक्रिय कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करके, इस प्रयास ने शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। यह दर्शाता है कि सामूहिक प्रयासों से कैसे स्थायी परिणाम प्राप्त हो सकते हैं, जिससे स्वच्छता और आर्थिक समझदारी दोनों को बढ़ावा मिलता है।''

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि विशेष अभियान 4.0 ने इस साल 2 से 31 अक्टूबर के बीच 650 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया। विशेष अभियान 4.0 के तहत 5.97 लाख से अधिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए गए और इसके परिणामस्वरूप प्रभावी कार्यालय उपयोग के लिए 190 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है।

# झारखंड के लिए कल्याणकारी योजनाएं जारी रखेंगे : मुख्यमंत्री सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चक्रधरपुर,/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि झामुमो का 'जल, जंगल और जमीन' तथा मूल निवासियों एवं आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करने का लंबा इतिहास है। सोरेन ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले पांच वर्षों में उनकी सरकार के प्रयास इन अधिकारों को प्रभावी तरीके से लागू करने के प्रति लक्षित रहे।

मुख्यमंत्री ने पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर निर्वाचन क्षेत्र में स्थित चार मोड़ मैदान में पार्टी उम्मीदवार सुखराम उरांव के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''हमारी सरकार ने यहां के लोगों की समस्याओं का संज्ञान लिया।'' उन्होंने अपनी सरकार के कार्यक्रम ''आपकी सरकार, आपके द्वार'' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ''इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी अधिकारी घर-घर जाएं और दूरदराज के गांवों में लोगों की समस्याओं का समाधान करें, यहां तक कि दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए शिविर भी लगाएं।'' सोरेन ने दावा किया, ''हमने कोल्हान क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए, जिसके अंतर्गत पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां जिले आते हैं।'' उन्होंने लोगों से कहा, ''हमारी सरकार रांची से नहीं, बल्कि गांवों से काम करेगी।''



## झारखंड में भाजपा की जड़ें उखाड़ देगा 'इंडिया' गठबंधन : लालू



**कोडरमा/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने रविवार को दावा किया कि झारखंड में सत्तारूढ़ 'इंडिया' गठबंधन राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा की जड़ें उखाड़ देगा। लालू ने कहा कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) गठबंधन भाजपा की तुलना में कहीं अधिक ताकतवर राजनीतिक शक्ति बनकर उभरा है। 'इंडिया' गठबंधन में राजद भी शामिल है। झारखंड के कोडरमा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लालू ने कहा, हम भाजपा की जड़ें उखाड़ देंगे और वह कभी वापसी नहीं कर सकेगी। भाजपा हमारी ताकत के आगे बेबस है। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन बनाने में अहम भूमिका निभाई, जो देश में भाजपा के खिलाफ एक मजबूत ताकत के रूप में उभरा है। मैंने कोडरमा के विकास में योगदान दिया है। इसलिए, हमारे उम्मीदवार सुभाष यादव को वोट देना न भूलें और उनकी जीत सुनिश्चित करें। कोडरमा विस क्षेत्र दस साल पहले तक राजद का मजबूत गढ़ हुआ करता था। हालांकि, 2014 में भाजपा की नीरा यादव ने राजद से यह सीट छीन ली। नीरा कोडरमा से तीसरी बार जीत दर्ज करने की उम्मीद के साथ एक बार फिर मैदान में हैं।

# नीतीश 'निर्लज्ज', मुसलमानों के पीठ में छुरा घोंपा : प्रशांत किशोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रामगढ़ (बिहार)/भाषा।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए उन्हें 'निर्लज्ज' करार दिया तथा आरोप लगाया कि कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन कर मुस्लिमों की 'पीठ में छुरा घोंपा' है।

पूर्व राजनीतिक विश्लेषक और एक समय कुमार के करीबी रहे किशोर ने यह टिप्पणी चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सुप्रीमो द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय से संपर्क किये जाने के सवाल पर की। किशोर ने कहा, '' हां, नीतीश कुमार ने मुसलमानों की पीठ में छुरा घोंपकर उनके लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने 2015 में मुसलमानों के भारी समर्थन से सरकार बनाई और दो साल बाद भाजपा के साथ फिर से गठबंधन कर लिया।''

कुमार ने किशोर को जदयू का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया था लेकिन संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) पर मतभेद सार्वजनिक होने पर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री पर ''ऐसे कानून का समर्थन करने का आरोप लगाया था, जो मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने का खतरा पैदा करता है।'' जन सुराज संस्थापक ने कहा, ''मुसलमानों ने नीतीश कुमार का फिर से समर्थन किया जब वे दो साल पहले महागठबंधन में वापस आए, लेकिन बाद में वे भाजपा के नेतृत्व वाले राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन)में वापस चले गए। अब उनकी पार्टी केंद्र सरकार में भागीदार है। उसके नेता केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री हैं जिसने विवादास्पद वक्फ विधेयक को मंजूरी दी है।'' उन्होंने दावा किया, ''नीतीश कुमार एक निर्लज्ज व्यक्ति हैं जिनसे बिहार की जनता नाराज है और उन्हें सत्ता से बाहर करना चाहती है।'' उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान के बारे में पूछे जाने पर किशोर ने कहा, ''हिंदुओं को असुरक्षित महसूस कराना और उसका चुनावी लाभ उठाना भाजपा की पुरानी रणनीति है।

# जम्मू-कश्मीर: जबरवान के जंगलों में मुठभेड़ के कारण दहशत का माहौल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** पिछले दो दशक में ऐसा पहली बार हुआ है जब यहां जबरवान के घने जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच रविवार को मुठभेड़ हुई तथा इलाके में दशहत के माहौल के बीच स्थानीय निवासियों को वहां से भागने पर मजबूर होना पड़ा।

इलाके में घेराबंदी मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है।

डल झील के किनारे निशात के आसपास इस मुठभेड़ से पहले, इस महीने की शुरूआत में श्रीनगर के खानयार इलाके में मुठभेड़ हुई थी जिसमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर मारा गया था।

अधिकारियों ने बताया कि जबरवान में मुठभेड़ कई घंटों तक चली, लेकिन आतंकवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए और ताजा रिपोर्ट मिलने तक आतंकवादियों की तलाश जारी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सुबह करीब नौ बजे सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की एक टुकड़ी वहां पहुंची और उसने तलाश अभियान शुरू किया जिसके तुरंत बाद जंगल में गोलियों की आवाज गूंजने लगी।

इस वन क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक घर हैं और कई लोग दहशत के कारण इलाके से भाग गए हैं। यहां वनक्षेत्र में स्थानीय लोग अपने मवेशियों को चराते हैं और साथ ही महिलाएं कश्मीर की हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से बचने के लिए जंगल से लकड़ियां लाती हैं।

स्थानीय निवासी अब्दुल खालिक ने कहा, ''मैंने सुबह कुछ गोलियां चलने की आवाज सुनी, लेकिन मुझे नहीं पता था कि यह गोलीबारी पड़ोस में ही हो रही है। मैं पिछले दो दशक से यहां रह रहा हूं और मैंने कभी ऐसी घटना नहीं देखी।'' उन्होंने कहा, ''मैं और मेरी पत्नी तुरंत घर से निकलकर सुरक्षित जगह की ओर भागे। इस वन क्षेत्र में कम से कम दो दर्जन घर हैं।''

एक अन्य स्थानीय निवासी अब्दुल राशिद लंबे समय से जंगल में अक्सर आते-जाते हैं। वह आज सुबह जब अपने मवेशियों को जंगल में छोड़कर लौट रहे थे, तभी मुठभेड़ शुरू हो गई।

परेशान दिख रहे राशिद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मैं आज अपनी गाय और कुछ भेड़ों को भी जंगल में ले गया था। जब मैं नीचे आ रहा था, तब मैंने कुछ गोलियों की आवाज सुनी। मेरे मवेशी अब भी वहीं हैं और मैं सड़क पर उनका इंतजार कर रहा हूं। यह हमारे लिए एक असामान्य दृश्य है क्योंकि यह एक शांत जगह है।''

## यहां तक गंगा का 'उद्गम स्थल' भी एसटीपी से निकले जल से प्रदूषित हुआ : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण को गंगा में प्रदूषण पर उत्तराखंड सरकार की रिपोर्ट के हवाले से सूचित किया गया कि इस नदी का ''उद्गम स्थल' भी जलमल शोधन संयंत्र (एसटीपी) से छोड़े जा रहे जल से प्रदूषित हो गया है।

उत्तराखंड में गंगा में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर अधिकरण में हो रही सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी गई। एनजीटी ने पहले राज्य और अन्य से रिपोर्ट तलब की थी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने सुनवाई में हस्तक्षेप के लिए याचिका दाखिल करने वाले आवेदकों में से एक के वकील की दलीलों पर संज्ञान लिया। उन्होंने राज्य सरकार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि गंगोत्री स्थित 10 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एसटीपी से एकत्र नमूने में सर्वाधिक संभावित संख्या (एमपीएन) 540/100 मिली वाला 'फिकल कोलीफॉर्म' पाया गया था।

### चिराग ने आरोप लगाया

## झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन ने गरीबों का पैसा लूटा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पलामू (झारखंड)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर अपने राजनीतिक हित की पूर्ति के लिए गरीबों का पैसा लूटने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार के शासन के तहत महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

पासवान झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया, ''झामुमो-कांग्रेस सरकार ने झारखंड को खतरे में डाल दिया है और गठबंधन ने राज्य के गरीब लोगों का पैसा लूटा है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन उन्हें धोखा दिया। पासवान ने कहा, ''झारखंड में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। लूट और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। झारखंड को इससे निजात दिलाने के लिए यहां भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की जरूरत है।''

## अवैध मिट्टी खनन रोकने गए नायब तहसीलदार पर हुआ हमला

**कौशांबी (उप्र)/भाषा।** जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन रोकने गए नायब तहसीलदार पर रविवार को माफियाओं ने कथित रूप से हमला कर दिया। मंझनपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि रविवार भोर में फोन पर खोजवापुर गांव में मिट्टी के अवैध खनन की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार मुबीन अहमद अपने गार्ड के साथ मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार ने जैसे ही अवैध खनन रोकने की बात कही, वैसे ही खनन माफियाओं ने उनपर हमला कर दिया। इस हमले में नायब तहसीलदार की आंख और नाक पर चोट आई है। सूचना पर उप जिलाधिकारी आकाश सिंह थाने की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और नायब तहसीलदार को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कौशांबी में भर्ती कराया।

# जसप्रीत बुमराह के लिए कप्तानी शायद सबसे मुश्किल काम है : पोंटिंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**दुबई/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का कहना है कि अगर रोहित शर्मा पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो जसप्रीत बुमराह को भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने के साथ टीम की अगुआई की दोहरी जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। पोंटिंग ने हालांकि कहा कि इस तेज गेंदबाज के लिए कप्तानी करना मुश्किल काम होगा।

रोहित के पहले टेस्ट में खेलने को लेकर संदेह बना हुआ है जो 22 नवंबर से ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा। हाल में कप्तान ने खुद स्वीकार किया था कि वह अपनी भागीदारी को लेकर निश्चित नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 'रिव्यू पॉडकास्ट' के दौरान बुमराह के बारे में पोंटिंग ने कहा, ''हां, कप्तानी शायद उनके लिए सबसे मुश्किल काम है। मुझे लगता है कि पैट कमिंस के लिए भी यह हमेशा सवाल रहा था जब वह ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान बने थे। '' उन्होंने कहा, ''वह खुद कितनी गेंदबाजी करता है? वह खुद बहुत ज्यादा गेंदबाजी करेगा? क्या वह ज्यादा गेंदबाजी नहीं करेगा? '' पोंटिंग ने कहा, ''लेकिन जसप्रीत जैसा अनुभवी खिलाड़ी उस समय को समझेगा जब उसे गेंदबाजी करने की जरूरत है।'' अगर रोहित मैच में नहीं खेलते हैं तो टीम की अगुआई की जिम्मेदारी उप-कप्तान बुमराह पर होगी।

पोंटिंग ने कहा कि 30 वर्षीय बुमराह के पास भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते हुए टीम की कप्तानी की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए काफी अनुभव है। उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम में उसके लिए काफी सारे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। और मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप इस अनुभव का इस्तेमाल करें। भले ही आप कप्तान हों। सही समय पर सही सवाल पूछें क्योंकि चाहे हमने कितना भी क्रिकेट खेला हो, हम हमेशा सही नहीं होते। '' खेल के लंबे प्रारूप में बुमराह अब भी भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बने हुए हैं और वह आईसीसी टेस्ट सूची में तीसरे स्थान पर काबिज है। पोंटिंग का मानना है कि बुमराह में मुश्किल परिस्थितियों से उबरने की काबिलियत है।

# अपनी जन्मभूमि बिहार में हॉकी होते देखने का बरसों पुराना सपना सच हुआ : हरेंद्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**राजगीर (बिहार)/भाषा।** अपनी जन्मभूमि बिहार में पहली बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी के आयोजन से भावुक हुए भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि उनका बरसों पुराना सपना सच हो गया है । बिहार के छपरा में जन्में हरेंद्र भारतीय पुरूष टीम, महिला टीम, विश्व कप 2016 विजेता जूनियर टीम के कोच भी रहे । द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र तीन साल तक अमेरिकी पुरूष टीम के कोच रहने के बाद इस साल अप्रैल में फिर भारतीय महिला टीम के कोच बने ।

राजगीर में कल से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी से पूर्व वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा ,''बहुत कम कोचों को अपनी जन्मभूमि पर इस तरह के टूर्नामेंट में भाग लेने का मौका मिलता है । जहां तक मुझे याद है स्वर्गीय एम के कौशिक सर (हरियाणा) और भास्करन वासुदेवन सर (तमिलनाडु) को यह मौका मिला।'' 55 वर्ष के इस कोच ने कहा ,'' बिहार में तो कभी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भी नहीं हुई और अब एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जैसा बड़ा टूर्नामेंट हो रहा है और मैं कोच हूं । मेरी बरसों से इच्छा थी कि बिहार में हॉकी हो और इसे पूरा होते देखना मेरे लिए बहुत जज्बाती पल है ।'' उन्होंने कहा ,'' मैं बिहार सरकार और हॉकी इंडिया को अपनी टीम और परिवार की ओर से इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं ।रोमांच के साथ अपेक्षायें भी बहुत हैं और सारी लड़कियां भी काफी उत्साहित हैं ।''

भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा ,'' सर के साथ हम सभी उनके प्रदेश में पहली बार खेलने को लेकर उत्साहित हैं ।

## सुविचार

**गुणों के सहारे ही व्यक्ति सफल हो पाता है, मगर विनय और विवेक साथ हो तो शिखर छू जाता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ठगों के मंसूबे नाकाम करें

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा दी गई जानकारी कि 'सरकार ने धोखाधड़ी वाली कॉल रोकने के लिए जो तकनीकी प्रणाली तैनात की है, उससे रोजाना ऐसी 1.35 करोड़ कॉल रोकी जा रही हैं', से पता चलता है कि साइबर लुटेरे भारतवासियों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने के लिए बहुत बड़े स्तर पर कोशिशें कर रहे हैं। 1.35 करोड़ कॉल काफी बड़ा आंकड़ा है। जब यह प्रणाली अस्तित्व में नहीं आई थी, तब इतने लोग तो साइबर अपराधियों के सीधे निशाने पर थे। इस प्रणाली ने अब तक लोगों की 2,500 करोड़ रुपए की संपत्ति बचाने में मदद कर ठगों के मंसूबों को नाकाम किया है। इन्हें पूरी तरह नाकाम करने की जरूरत है। हालांकि इससे यह नहीं समझना चाहिए कि साइबर ठग भविष्य में लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाने की कोशिशें नहीं करेंगे। वे इस प्रणाली का तोड़ ढूंढ़ने के लिए पूरा जोर लगाएंगे, इसलिए भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इसे उन्नत करने पर खास जोर देना होगा। पिछले डेढ़ दशक में साइबर ठगी के तौर-तरीकों पर नजर डालें तो उसका सीधा-सा निष्कर्ष यह निकलता है कि पहले साइबर ठग कोई चुनौती खड़ी करते हैं ... उससे लोगों को भारी नुकसान होता है ... मीडिया ऐसे मामलों को प्रमुखता से उठाता है ... तब सरकार कोई कदम उठाती है। ऐसी चुनौतियों, जोखिमों का आकलन पहले करना होगा। साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसना है तो उनसे दो कदम आगे रहना होगा। इन दिनों साइबर अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लोगों को खूब लूट रहे हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम में भी जागरूकता का संदेश दे चुके हैं। इसके बावजूद लोग साइबर ठगों के जाल में फंस रहे हैं! हालांकि जिन लोगों को इस बात की जानकारी मिल चुकी है, वे ठगों के झांसे में नहीं आ रहे हैं।

अगले छह महीनों में जब काफी तादाद में लोगों को इसके बारे में पता चल जाएगा तो साइबर ठग कोई दूसरा दांव चलेंगे। याद करें, एक दशक पहले लोगों को लॉटरी लगने, भाग्यशाली नंबर चुने जाने के फोन खूब आते थे। उस दौरान भी बहुत लोगों ने रकम गंवाई थी। उसके बाद डेबिट / क्रेडिट कार्ड या बैंक खाता बंद होने का डर दिखाकर गोपनीय जानकारी लेने संबंधी मामले आने लगे थे। अब पार्सल में अवैध चीजों या किसी करीबी के मुश्किल में फंसने के नाम पर साइबर ठगी के मामलों की बाढ़-सी आई हुई है। आखिर, ये ठग नए-नए हथकंडे कैसे आजमाते हैं? इन्हें ये कौन सिखाता है? पूर्व में साइबर ठगी में शामिल ऐसे कई अपराधी खुलासा कर चुके हैं कि उनका गिरोह देश-दुनिया की घटनाओं पर गहरी नजर रखता है। जब एक तरीका पुराना हो जाता है तो नया तरीका ढूंढ़ा जाता है। गिरोह में शामिल ठगों को उसकी स्क्रिप्ट रटाई जाती है। आम तौर पर ठगी को अंजाम देने के लिए या तो लोगों को लालच दिया जाता है या डराया जाता है। कई ठग तो हंसते हुए कहते हैं कि जब तक दुनिया में लोग 'लालच' करेंगे या 'डरेंगे', हमारी रोजी-रोटी चलती रहेगी! अब तो पाकिस्तान, कंबोडिया, नाइजीरिया जैसे देशों में बैठे साइबर ठग भी भारतवासियों को खूब लूट रहे हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया का यह बयान इस तथ्य की पुष्टि करता है कि 'ज्यादातर फर्जी कॉल देश के बाहर के सर्वर से आती हैं।' हालांकि नई तकनीकी प्रणाली ऐसी ज्यादातर कॉल को रोकने में सक्षम है। जब साइबर ठगों की दाल यहां गलनी बंद हो जाएगी तो वे वॉट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए ऑडियो / वीडियो कॉल ज्यादा करने लगेंगे। इन कंपनियों को भी चाहिए कि ये साइबर ठगी में लिप्त नंबरों को ब्लॉक करने में तेजी दिखाएं। वहीं, ठगी की रकम जिन बैंक खातों में जमा हो, उनकी जल्द पहचान कर निकासी पर पाबंदी लगाने की प्रणाली को मजबूत किया जाए।

## ट्वीटर टॉक



जनपद प्रयागराज के फूलपुर विधान सभा क्षेत्र की राष्ट्रवादी जनता को आज संबोधित किया। यह चुनाव, विकास के लिए, विरासत के लिए, सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन के लिए है। यह चुनाव वर्तमान को संवारने और भविष्य को बनाने का भी है।

**-योगी आदित्यनाथ**



कुशल संगठक, प्रखर विचारक और श्रमिक वर्ग के महान नेता श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की जयंती पर सविनय नमन। वे आजीवन किसान हित और श्रमिक जन के उत्थान के लिए समर्पित रहे। स्वदेशी दर्शन के साथ स्वावलंबी-आर्मनिर्भर समाज व राष्ट्र निर्माण का ध्येय लेकर वे चले।

**-ओम बिरला**



विधानसभा क्षेत्र सहाड़ा (भीलवाड़ा) से विधायक श्री लादूलाल पितलिया जी की पूज्य माताजी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह पीड़ा सहने की शक्ति दें।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# स्वतंत्रता की प्रतिबद्धता

भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान एक बार बम केस के संबंध में कलकत्ता के एक पुलिस कमिश्नर ने अचानक अरविंद घोष के निवास पर धावा बोला। पुलिस कमिश्नर यह देखकर स्तब्ध रह गया कि कमरे में चारों ओर किताबें बिखरी पड़ी थीं, सोने के लिए जमीन पर एक चटाई बिछी पड़ी थी, खाने में थोड़े बिस्किट रखे थे, और नारियल के रेशे से बुनी एक खाट पड़ी थी। पूछताछ के दौरान प्राप्त उत्तरों से अरविंद घोष की विद्वता से संतुष्ट होकर पुलिस कमिश्नर वापस लौट गया। अरविंद मुस्कराते हुए मन ही मन बोल रहे थे कि अंग्रेजी शासन को भगाने का मेरा यह साधारण माहौल भी शास्त्र के कार्य के रूप में सहायक होगा, और मेरा देश निश्चित रूप से स्वतंत्र होगा। ब्रिटिश स्कूल और कॉलेज की शिक्षा से संपन्न व्यक्ति अरविंद घोष भारत को स्वतंत्र कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। उनकी यह निष्ठा और प्रतिबद्धता कालांतर में भारत की स्वतंत्रता के रूप में फलीभूत हुई।

## सामयिक

# जम्मू कश्मीर में फिर 370 का राग

सुरेश हिंदुस्तानी

मोबाइल : 9770015780

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने



के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ही ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे।

उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफ़न करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था।

पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। ज़ब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, ज़ब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है।

देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं।

देश में एक समान क़ानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में अगर धारा 370 बहाल हो जाती है तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त मानसिकता फिर से हाबी हो सकती है और जम्मू कश्मीर फिर से अलगाव की स्थिति में आ सकता है। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू कश्मीर के हित का भी है।

## विशेष

# गंगा स्नान और दीपदान से देवताओं की होती है कृपा

चेतनादित्य आलोक

फोन : 7870900083

सनातन धर्म में 'दीपावली' के समान ही 'देव दीपावली' पर्व का भी बहुत महत्व है। इसीलिए दीपावली की तरह ही इसको भी 'दीपों का त्योहार' कहा जाता है। देव दीपावली का यह पावन पर्व प्रत्येक वर्ष दिवाली के ठीक 15 दिन बाद यानी कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। वैसे तो सनातन धर्म में आस्था रखने वाले श्रद्धालु देश भर में नदियों के किनारे स्नान एवं दीपदान के साथ इस पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं, परंतु इसका मुख्य आयोजन तो काशी में गंगा नदी के तट पर ही किया जाता है, जहां देश भर से अनुयायी गंगा स्नान एवं दीपदान करने हेतु पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन सभी देवतागण स्वर्ग से सीधे काशी की पवित्र भूमि पर आते हैं और दीपावली का पर्व मनाते हैं। यही कारण है कि इसे देव दीपावली' के नाम से जाना जाता है। बता दें कि सनातन धर्म के अनुयायी इस अवसर पर काशी यानी वाराणसी के घाटों को मिट्टी के दीपों से सुसज्जित करते हैं। इस दिन पूरी काशी नगरी एक विराट उत्सव के प्रकाश और हर्ष-उल्लास में डूब जाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे संपूर्ण काशी नगरी दिव्यता की रोशनी में नहा रही हो। चारों तरफ भव्यता की अनुभूति होती है। ऐसे में भक्ति और आनंद में डूबा हुआ मन इस प्रकार रम जाता है कि यहां आने वाले सभी श्रद्धालु काशी में ही रहकर यहां की दिव्य रोशनी और भव्य अनुभूतियों के साक्षी बने रहना चाहते हैं।

हिंदू शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार देव दीपावली के दिन गंगा स्नान करने के बाद दीपदान करने का बड़ा महत्व है। शास्त्र बताते हैं कि देव दीपावली के दिन काशी की पवित्र धरती पर पधारने वाले सभी देवतागण भी परम पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के बाद दीपदान करते हैं। इसीलिए हिंदू धर्मावलंबी ऐसा मानते हैं कि इस दिन गंगा स्नान करने एवं दीपदान करने से देवतागण प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। यही नहीं, इससे भक्तों को पूरे वर्ष शुभ फल की प्राप्ति होती रहती है, जिसके प्रभावस्वरूप उनके सभी पापों का नाश हो जाता है तथा उनको सभी कार्यों में सफलता मिलती है। इस प्रकार देखा जाए तो दिवाली के बाद यह देव दीपावली पर्व देवताओं की कृपा प्राप्त करने का एक और अवसर प्रदान करता है।

शिव पुराण में वर्णन है कि ताड़कासुर का पुत्र त्रिपुरासुर राक्षस के अत्याचारों से न केवल पृथ्वी पर मनुष्य, बल्कि स्वर्ग में देवतागण भी पीड़ित थे। दरअसल, त्रिपुरासुर ने तपस्या के बल और प्रताप से सफलतापूर्वक पूरी दुनिया को जीत लिया और यह वरदान प्राप्त कर लिया था कि उसका अंत तभी हो सकता है, जब कोई उसके द्वारा निर्मित तीन नगरों को एक ही बाण से भेद देगा। ये तीन नगर त्रिपुरा' के नाम से जाने जाते थे। त्रिपुरासुर राक्षस के अत्याचारों से त्रस्त हो चुके देवताओं ने देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ शिवशंकर से रक्षार्थ प्रार्थना की, जिसके बाद भगवान शिव ने एक ही बाण से उसके तीनों नगरों को नष्ट करने के बाद त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था।

हिंदू शास्त्रों में उल्लेख है कि जिस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध कर मनुष्यों एवं देवताओं की रक्षा की थी, वह शुभ दिन कार्तिक महीने की शुभ पूर्णिमा तिथि थी। त्रिपुरासुर-वध से सभी देवता अत्यंत प्रसन्न हुए और भगवान शिव के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु काशी नगरी में पधारे। इस अवसर पर देवताओं ने संपूर्ण काशी में दीप जलाकर खुशियां मनाई थीं। यही कारण है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भक्ति-भाव के साथ देव दीपावली मनाने की सदियों पुरानी परंपरा काशी में आज भी अनवरत जारी है। बता दें कि इस वर्ष 15 नवंबर को देव दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन शुभ मुहूर्त में दीपदान करने से जीवन में अपार सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

ब्रह्म मुहूर्त में गंगा अथवा किसी भी पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए। यदि ऐसा करना संभव न हो तो घर पर ही पानी में गंगा जल मिलाकर स्नान किया जा सकता है। उसके बाद भगवान भोलेनाथ शिवशंकर तथा भगवान श्रीहरि विष्णु का ध्यान करते हुए पूजन करना चाहिए। संध्या समय किसी नदी या सरोवर पर जाकर दीपदान करना चाहिए। यदि आस-पास कोई नदी या सरोवर नहीं हो तो ऐसी स्थिति में किसी मंदिर में दीपदान करना चाहिए। इस अवसर पर अपनी सामथ्र्य के अनुसार 01, 05, 11, 21, 51 अथवा 108 आटे के दीए प्रज्वलित कर अर्पित करना चाहिए। इसके साथ ही अपने घर में एवं घर के पूजा स्थल पर भी दीप प्रज्वलित करने चाहिए।

## नजरिया

# पार्टियों का बेड़ा पार लगाएंगे चुनावी नारे

बाल मुकुन्द ओझा

मोबाइल : 9414441218

चुनावी नारें मतदाताओं में जोश और उत्साह भरने का काम करते है। देश में किसी भी राज्य में चुनाव की रणभेरी बजते ही सियासी जुमलों और नारेबाजी की बाढ़ आ जाती है। चुनावी नारों की देश की राजनीति में बड़ी भूमिका रही है। इस समय महाराष्ट्र, झारखण्ड और विभिन्न राज्यों में हो रहे उप चुनावों में नेताओं के सियासी जुमलों, बोलों, नारों और बयानों ने देश की राजधानी से लेकर पंचायत तक पूरे भारत में चुनावी गर्माहट पैदा कर दी है। इस दौरान जुमले और नारे अपने परवान पर है। दोनों राज्यों के विधान सभा चुनावों में मुख्यतः एनडीए और इंडिया गठबंधन में चुनाव जीतने की जोर अजमाइस हो रही है और दोनों तरफ से तरह तरह की जुमलेबाजी और नारेबाजी गढ़कर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है। यह सर्वविदित है नारे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भरपूर जोश का संचार तो करते ही हैं, अपितु मुद्दों को चुनाव में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाजियों के बीच प्रचार के लिए नारे सबसे बड़े चुनावी हथियार बने हैं। चुनावी महासमर में नारों की गूंज जितनी बलवती और ऊंची होती है, राजनीतिक दलों और नेताओं का जोश उतना ही हाई होता है। भारतीय राजनीति में नारों और जुमलों ने अच्छी खासी सुर्खियां बटोरी हैं। इस समय सबसे चर्चित नारा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे'



गूंज रहा है। हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद योगी के इस बहुचर्चित नारे ने जोर पकड़ लिया है। मीडिया रिपोर्टर्स के मुताबिक इस नारे का पहली बार इस्तेमाल यूपी के सीएम ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की पृष्ठभूमि में आगरा में एक रैली में किया था। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का एक है तो सेफ है का नारा भी मतदाताओं में बुलंद हो रहा है। इसके जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने बीजेपी से योगी आदित्यनाथ के 'विभाजनकारी' नारे और पीएम मोदी के एकता संदेश के बीच फैसला करने को कहा। उन्होंने कहा कि पहले आप आपस में तय कर लें कि किसका नारा अपनाना है-योगी जी का या मोदी जी का। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जुड़ेंगे तो जीतेंगे का नारा उछाला है। यूपी में विधानसभा की नौ सीटों पर उप चुनाव होने जा रहे है जहां भाजपा और सपा में नारों का पोस्टर वार चरम पर है। आजादी के बाद कांग्रेस ने नारा लगाया खरो रुपयो चांदी को, राज महात्मा गांधी को जो बाद में जुमला बनकर रह गया यथार्थ में गांधी के रामराज का सपना कभी पूरा नहीं हुआ। बाद में एक जुमला गांधी के नाम पर उछाला गया जिसे हम मजबूरी का नाम महात्मा गांधी कहते है। नारों की चर्चा के बिना चुनाव की बात अधूरी लगती है। चुनावों के दौरान गरीबी हटाओ से लेकर इंदिरा हटाओ, देश बचाओ जैसे नारे खासे चर्चित रहे हैं। देश में चुनावी मौसम में नारों की सियासत कोई नई नहीं है। 1971 में इंदिरा गांधी ने, ''वे कहते हैं, इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ'' का नारा बुलंद किया था। यह नारा उस दौरान लोगों के सिर चढ़कर बोला और इंदिरा गांधी अपनी पार्टी कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने में सफल हुई। यह अलग बात है कि 'गरीबी हटाओ' सिर्फ नारे और जुमले तक सिमटकर रह गया और गरीबी उन्मूलन नहीं हुआ। आज़ादी के बाद कुछ नारे बहुतायत से जनता के बीच उछाले गए इनमें 'धन और धरती बंट के रहेगी, भूखी जनता चुप न रहेगी', 'देखो इंदिरा का ये खेल, खा गई राशन पी गई तेल', 'बेटा कार बनाता है मां बेकार बनाती है', 'नसबंदी के तीन दलाल- इंदिरा, संजय, बंसीलाल', 'एक शेरनी सौ लंगूर चिकमंगलूर-चिकमंगलूर', 'देश की जनता भूखी है यह आजादी झूठी है', 'जात पर न पात पर इंदिराजी की बात पर', 'जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करतीं', 'इंदिरा हटाओ देश बचाओ', 'राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है', 'सौगंध राम की खाते हैं हम मंदिर वहीं बनाएंगे', 'अटल, आडवाणी, कमल निशान, मांग रहा है हिंदुस्तान', 'तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार', 'यूपी को ये साथ पसंद है, मां, माटी, मानुष', 'मोदी है तो मुमकिन है', 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' आदि आदि नारे खूब प्रचलित हुए। इसी तर्ज़ पर 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह नारा खूब प्रचलित हुआ जिसमें मोदी ने कहा 'अब की बार 400 पार'। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 'हर-हर मोदी, घर-घर मोदी' तथा 'चौकीदार चोर है' नारा खूब गूंजा। इनमें से कुछ नारे चुनाव जीताने में सफल हुए और कुछ असफल। फिर भी नारों की अपनी महत्ता है। नेताओं ने इन नारों के जरिये मतदाताओं को लुभाने के खूब प्रयास किये और अब भी कर रहे है। मतदाता भी तालियों की गड़गड़ाहट और हर्ष ध्वनि के साथ नारों का स्वागत करते हैं।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आईटीआई लि. भारतनेट के तीन पैकेजों के लिए एल1 के तौर पर उभरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/नई दिल्ली/दक्षिण भारत। प्रमुख दूरसंचार विनिर्माण कंपनी आईटीआई लिमिटेड अपने कंसोर्टियम भागीदार के साथ भारतनेट चरण-3 प्रोजेक्ट के पैकेज संख्या 15 के लिए सबसे कम बोलीदाता (एल1) के तौर पर उभरी है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं। इसका ऑर्डर मूल्य 1,537 करोड़ रुपए है।

आईटीआई लि. 7 नवंबर को हिमाचल प्रदेश में पैकेज संख्या 8 के लिए और पश्चिम बंगाल तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पैकेज संख्या 9 के लिए 3022 करोड़ रुपए के ऑर्डर मूल्य के साथ एल1 के रूप में उभरी है। इसके साथ ही आईटीआई लि. तीन पैकेजों (8, 9, और 15) के लिए एल1 के रूप में उभरी है, जिससे कुल ऑर्डर मूल्य 4,559 करोड़ रुपए हो गया है।

भारतनेट चरण-3 प्रोजेक्ट को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 16 पैकेजों में विभाजित किया गया है। बीएसएनएल ने भारतनेट चरण-3 प्रोजेक्ट के मिडिल माइल नेटवर्क के डिजाइन, सप्लाई, निर्माण, इंस्टॉलेशन, अपग्रेडेशन, संचालन और मैंटिनेंस के लिए डीबीओएम मॉडल पर निविदाएं आमंत्रित की थीं। इस अवसर पर आईटीआई लि. के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजेश राय ने कहा, 'हम अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में भारतनेट चरण-3 प्रोजेक्ट के एक और पैकेज के लिए एल1 के रूप में उभरने पर बहुत खुश हैं। यह आईटीआई के लिए महत्त्वपूर्ण मोड़ होगा और मेरी पूरी टीम कंपनी को और भी अधिक सफल बनाने के लिए उत्साहित है।'राय ने कहा, 'अंडमान और पूर्वोत्तर जैसे दुर्गम इलाकों में भारतनेट प्रोजेक्ट के तीन बड़े पैकेजों के लिए एल1 का उभरना न केवल रोमांचक है, बल्कि कंपनी के लिए कई चुनौतियां भी खड़ी करता है। मेरी टीम इसे पूरा करने के लिए प्रेरित है। आईटीआई लि. ने रक्षा और भारतनेट प्रोजेक्ट्स के लिए पूरे भारत में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को क्रियान्वित करने में व्यापक अनुभव हासिल किया है।'

हाल में आईटीआई लि. को बीआरईडीए से बिहार सरकार को 1,00,000 सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम की आपूर्ति और इंस्टॉलेशन के लिए 300 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है।

चुनाव अभियान



झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की उम्मीदवार कल्पना मुर्मू सोरेन रविवार को झारखंड के पोटका विधानसभा क्षेत्र में झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले एक चुनाव अभियान में भाग लेती हुई।



# इंदौर के किसान ने अपने घर के कमरे में बिना मिट्टी के उगाया केसर

इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। देश में केसर का उत्पादन खासकर कश्मीर में होता है, लेकिन बर्फीली वादियों वाले इस क्षेत्र से सैकड़ों किलोमीटर दूर इंदौर के एक प्रगतिशील किसान ने 'एयरोपॉनिक्स' पद्धति की मदद से अपने घर के कमरे में बिना मिट्टी के केसर उगाया है।

किसान के घर की दूसरी मंजिल के इस कमरे में इन दिनों केसर के बैंगनी रंग के खूबसूरत फूलों की बहार है। नियंत्रित वातावरण वाले कमरे में केसर के पौधे प्लास्टिक की ट्रे में रखे गए हैं। ये ट्रे खड़ी रैक में रखी गई हैं ताकि जगह का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जा सके। केसर उत्पादक अनिल जायसवाल ने रविवार को ''पीटीआई-भाषा'' को बताया, ''मैं कुछ साल पहले अपने परिवार के साथ कश्मीर घूमने गया था। वहां पम्पोर में केसर के खेत देखकर मुझे इसके उत्पादन की प्रेरणा मिली।'' जायसवाल ने बताया कि उन्होंने अपने घर के कमरे में केसर उगाने के लिए 'एयरोपॉनिक्स' तकनीक के उन्नत उपकरणों से तापमान, आर्द्रता, प्रकाश और कार्बन डाइऑक्साइड का नियंत्रित वातावरण तैयार किया ताकि केसर के पौधों को कश्मीर जैसी मुफीद आबो-हवा मिल सके। उन्होंने बताया कि 320 वर्ग फुट के कमरे में केसर की खेती का बुनियादी ढांचा तैयार करने में उन्हें करीब 6.50 लाख रुपए की लागत आई। जायसवाल ने बताया कि उन्होंने केसर के एक टन बीज (बल्ब) कश्मीर के पम्पोर से मंगाए थे और इसके फूलों से वह इस मौसम में 1.50 से दो किलोग्राम केसर प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि उनकी उगाई केसर पूरी तरह जैविक है, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि घरेलू बाजार में वह अपनी उपज करीब पांच लाख रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर बेच सकेंगे, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उन्हें इसके 8.50 लाख रुपए तक मिल सकेंगे।

जायसवाल ने बताया, '' मैंने अपने घर के कमरे के नियंत्रित वातावरण में केसर के ये बल्ब सितंबर के पहले हफ्ते में रखे थे और अक्टूबर के आखिरी हफ्ते से इन पर फूल खिलने लगे।''

# हिंदू मंदिर हिंसा मामले में एसएफजे कनाडा का समन्वयक गिरफ्तार

ओटावा/भाषा। कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित एक हिंदू मंदिर में हिंसक प्रदर्शन के दौरान हमला करने के मामले में कनाडा पुलिस ने 35 वर्षीय एक स्थानीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

तीन नवंबर को ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में एक विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसके सोशल मीडिया पर वायरल अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारियों को खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े हुए देखा गया। वीडियो में हाथापाई और लोगों को मंदिर के आस-पास एक-दूसरे पर डंडे से वार करते हुए भी देखा जा सकता है। शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पील की क्षेत्रीय पुलिस ने मंदिर में प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प पर कार्रवाई की। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान हुई कई घटनाओं की जांच शुरू कर दी है, जिनके वीडियो में यह देखा जा सकता है कि लोगों पर झंडों और लाठियों से हमले किये जा रहे हैं। पील पुलिस के बयान में कहा गया है कि 21 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो और 'स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी)' के जांचकर्ताओं ने ब्रैम्पटन के इंद्रजीत गोसल को गिरफ्तार किया है और हथियार से हमला करने का उस पर आरोप है। 'टोरंटो स्टार' की खबर के अनुसार, गोसल कनाडा में 'सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे)' का समन्वयक हैं। एसएफजे भारत में प्रतिबंधित है।

बयान में कहा गया कि गोसल को आठ नवंबर को गिरफ्तार किया गया। उस पर हथियार से हमला करने का आरोप है। गोसल को सशर्त रिहा किया गया है और उसे बाद में ब्रैम्पटन स्थित 'ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस' में पेश होना होगा।

# हैदराबाद की महिला लोको पायलट इंदिरा ईगलपति 'रियाद मेट्रो' की ट्रेन चलाने के लिए उत्सुक

रियाद/भाषा। हैदराबाद की इंदिरा ईगलपति 'रियाद मेट्रो' की उन चुनिंदा महिला लोको पायलट में से एक हैं जो वहां ट्रेन चलाने के लिए उत्सुक हैं। रियाद में रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का निर्माण कार्य पूरा होने के करीब है और वह फिलहाल प्रायोगिक परीक्षण से गुजर रहीं ट्रेन को चला रही हैं।

पिछले पांच वर्ष से ट्रेन पायलट और स्टेशन ऑपरेशन मास्टर के रूप में कार्यरत 33 वर्षीय इंदिरा ने कहा, इस विश्व स्तरीय और प्रतिष्ठित परियोजना का हिस्सा बनना, खासकर एक प्रवासी होने के चलते, मेरे लिए वास्तव में गर्व का क्षण है।

जब इंदिरा को रियाद मेट्रो में रिक्तियों के बारे में पता चला तब वह हैदराबाद मेट्रो में काम कर रही थीं और फिर उन्होंने इसके लिए आवेदन किया।

इंदिरा और भारत से दो अन्य लोग 2019 में रियाद मेट्रो में शामिल हुए थे लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण उन्हें शुरुआती प्रशिक्षण डिजिटल तरीके से ही लेना पड़ा।

फिलहाल प्रायोगिक परीक्षण जारी है और खबरों के मुताबिक रियाद मेट्रो सेवा 2025 की शुरुआत से चालू होने की संभावना है।

पायलट के रूप में भर्ती होने वालीं चुनिंदा महिलाओं में से एक इंदिरा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, अब तक का अनुभव वाकई बहुत अच्छा रहा है। सऊदी अरब के लोग बहुत मिलनसार हैं और उनकी संस्कृति बहुत अच्छी है। मैं सोच भी नहीं सकती कि मैंने यहां पांच साल पूरे कर लिए हैं।

इंदिरा ने यह भी कहा कि एक महिला के तौर पर उन्हें कभी किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा,यहां समान अवसर हैं और कोई लैंगिक भेदभाव नहीं है।

आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में धुल्लीपल्ला की रहने वाली इंदिरा 2006 में हैदराबाद में बस गईं थीं।

इंदिरा के पिता एक मेकैनिक थे लेकिन उन्होंने अपने तीन बच्चों की शिक्षा से कभी समझौता नहीं किया।

इंदिरा ने बताया कि वह एक निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन उनके पिता ने सुनिश्चित किया कि वह अपनी शिक्षा प्राप्त करें।

इंदिरा ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और उनकी बड़ी बहन एक शिक्षिका हैं। उनकी सबसे छोटी बहन भी हैदराबाद मेट्रो में लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं।

इंदिरा के पति भी यहां मेट्रो के रखरखाव विभाग में काम करते हैं। इंदिरा को 2022 फुटबॉल विश्व कप के दौरान भीड़ प्रबंधन में सहायता के लिए दोहा भी भेजा गया था। उन्होंने कहा, इतनी भीड़ को देखना एक शानदार अनुभव था और बिना किसी दुर्घटना के हमने इसे सफल बनाया।

# 'भूल भुलैया 3' की सफलता से बेहद खुश है विद्या बालन

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन, फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता से बेहद खुश है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 3, दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुयी है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभायी है।भूल भुलैया 3 ने नौ दिनों में भारत में 182 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। विद्या बालन फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता से बेहद खुश हैं।

विद्या बालन ने कहा,इससे बेहतर मैंने कभी सोचा भी नहीं था और ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि 17 साल बाद मैं फिर से भूल भुलैया में काम करूंगी और मंजुलिका को फिर से जिंदा करूंगी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इसके लिए इतना प्यार मिलेगा। मैं बहुत खुश हूं कि फिल्म भूल भुलैया 3 इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही है।फिल्म इतनी अच्छी चल रही है, मुझे यह बात बहुत पसंद आ रही है। यह मेरी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है।

# 'द दिल्ली फाइल्स' की शूटिंग शुरू

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरु हो गयी है। द दिल्ली फाइल्स के साथ, फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री अपना अगला प्रोजेक्ट लाने के लिए तैयार हैं, जिसे अभिषेक अग्रवाल निर्मित कर रहे हैं। जब से मेकर्स ने इस फिल्म की घोषणा की है, तब से दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है, और अब सभी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्ममेकर ने जानकारी दी है कि उन्होंने द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरु कर दी है। फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर द दिल्ली फाइल्स के सेट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जो फिल्म की शूटिंग की शुरुआत को दिखाता है। इसमें टीम पूजा करती नजर आ रही है, साथ ही कोलकाता में विभाजन के समय को दर्शाने के लिए बनाए गए बड़े सेट की एक झलक भी देखने को मिलती है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा गया है:शुभारम्भ! आपके आशीर्वाद से आज द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरु हो गई। क्रू की सभी देवियों द्वारा पूजा की गई।

हे मां! कृपया हमें इस मुश्किल कहानी को पूरी ईमानदारी और निडरता से कहने का साहस दें। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने फिल्म के लिए गहरी रिसर्च की है। उन्होंने केरल से लेकर कोलकाता और दिल्ली तक यात्रा की और लोगों से मिलकर सारी जानकारी इकट्ठा की। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने इस फिल्म के लिए 100 से ज्यादा किताबें और 200 से ज्यादा लेख पढ़े, जो उनकी फिल्म की पटकथा को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने और उनकी टीम ने 20 राज्यों में यात्रा की और 7000 से ज्यादा रिसर्च पेजेज और 1000 से ज्यादा आर्काइव आर्टिकल्स की स्टडी की है, जो उनकी फिल्म को और भी प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद, निर्माता अभिषेक अग्रवाल ने एक बार फिर विवेक रंजन अग्निहोत्री के साथ 'अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स' और 'आई एम बुद्धा' प्रोडक्शन बैनर के तहत हाथ मिलाया है।




# वेबसीरीज 'हीरामंडी' को बेहद खास मानती हैं मनीषा कोइराला

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी को बेहद खास मानती हैं। मनीषा कोइराला ने इस साल संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में काम किया है।

मनीषा कोईराला ने वेबसीरीज हीरामंडी में अपने निभाये किरदार के जरिये दर्शकों का दिल जीत लिया। मनीषा अब 'हीरामंडी-2' में काम करती नजर आयेंगी। मनीषा कोइराला ने कहा, हीरामंडी 2 मेरे लिए लाइफ टाइम का प्रोजेक्ट है।

अभी मुझे नहीं पता है कि इस पर कब काम शुरू होगा। दरअसल, अभी तो संजय लीला भंसाली फिल्म 'लव एंड वॉर' में व्यस्त हैं, इसके बाद ही वह 'हीरामंडी-2' पर काम करेंगे।कैंसर से ठीक होने के बाद मैं अपने जीवन का आनंद ले रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे काम करने और बेहतरीन किरदार करने का मौका मिल रहा है। मुझे अच्छे निर्देशकों के साथ भी काम करने का मौका मिला है। अब मैं चाहती हूं कि अभिनय में नए आयाम तलाश करूं। मैं चुनौती स्वीकार करना चाहती हूं। साइड रोल करने के लिए मैं उत्सुक नहीं हूं।'




# सोनू सूद आधिकारिक तौर पर थाईलैंड के ब्रांड एंबेसडर बने

मुंबई/एजेन्सी

प्रशंसित अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद को थाईलैंड का ब्रांड एंबेसडर और पर्यटन सलाहकार घोषित किया गया है। सोनू सूद अपने मानवीय कार्यों खासकर महामारी के दौरान के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं, यह नई भूमिका वैश्विक सद्भावना ब्रांड एंबेसडर के रूप में उनकी बढ़ती प्रतिष्ठा को जोड़ती है। थाईलैंड के पर्यटन और खेल मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक प्रमाण पत्र में सोनू सूद को थाईलैंड के लिए मानद पर्यटन सलाहकार के रूप में घोषित किया गया है, जिसमें भारतीय गणराज्य में थाईलैंड के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विपणन और जनसंपर्क प्रयासों पर मार्गदर्शन और सलाह प्रदान करने की जिम्मेदारी है। इन वर्षों में, सोनू ने एक अभिनेता और एक समाजसेवी व्यक्ति दोनों के रूप में अपने काम के माध्यम से अपने दर्शकों के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाया है।

महामारी के दौरान उनके प्रयासों, जहां उन्होंने लोगों को भोजन, शिक्षा और चिकित्सा देखभाल में मदद की, इसके लिए उन्हें राष्ट्र के नायक की उपाधि दी। उनके निस्वार्थ कार्य कई लोगों को प्रेरित करते रहते हैं। वह अब उन मशहूर हस्तियों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल हो गए हैं जो दुनिया भर के देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें दुबई के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान और स्विटजरलैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले रणवीर सिंह शामिल हैं।

फिल्म के मोर्चे पर, सोनू सूद अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'फतेह' के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो हॉलीवुड के एक्शनर के बराबर होने का वादा करती है। इस साइबर क्राइम थ्रिलर में सूद के अलावा नसीरुद्दीन शाह और जैकलीन फर्नांडीज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 10 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नुसरत भरूचा ने खुद को दिया नया शॉर्ट नेम 'कोल'

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने खुद को नया नाम 'कोल' दिया है। ऐसा उन्होंने क्यों किया है ये भी समझाया है। नुसरत ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गोवा में एक परफॉरमेंस के लिए मेकअप करवा रही हैं। क्लिप में वह कहती हुई सुनाई दे रही हैं, मैं सोना चाहती हूं.. मैं 48 घंटों से सोई नहीं हूं और मैं यहां गोवा में हूं और मुझे लगा कि मैं झपकी ले पाऊंगी और तैयार होने से पहले सो पाऊंगी, लेकिन नहीं, अब इवेंट को प्रीपोंड (तय समय से पहले) कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मुझे अपने कॉल टाइम से 2 घंटे पहले परफॉर्म करना है। इसलिए मैंने खाना भी नहीं खाया है और मैं तैयार हो रही हूं...मैं यह नहीं कर सकती। मैं सोना चाहती हूं। उन्होंने क्लिप को कैप्शन दिया, मेरा नया पर्सनल शॉर्ट नेम 'कोल क्राइंग ऑउट लाउड!! पिछले सप्ताह, एक्ट्रेस ने दीपावली मनाते हुए एक हेल्थ अपडेट पोस्ट शेयर किया और कहा कि वह अस्वस्थ हैं क्योंकि उन्हें बुखार, शरीर में दर्द और आंखों में संक्रमण है। नुसरत ने इंस्टाग्राम पर एक कार सेल्फी शेयर की और बताया कि बीमार होने के बावजूद वह खुद को 'घसीटकर' मीटिंग में ले गईं। कैप्शन में लिखा था, दीपावली के बाद की स्थिति, सर्दी, बुखार, खांसी, शरीर में दर्द और.. कुछ आंखों का संक्रमण! फिर भी किसी तरह खुद को मीटिंग में ले जा रही हूं! नुसरत के बारे में बात करें तो, 2002 के टेलीविजन शो 'किट्टी पार्टी' से एक्टिंग शुरू की। उन्हें 2006 में 'जय संतोषी मां' से बॉलीवुड में ब्रेक मिला। वह 'कल किसने देखा', 'ताज महल', 'लव सेक्स और धोखा' जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, दिव्येंदु शर्मा, रायो एस बखिरता, सोनाली सहगल और इशिता ने एक्टिंग की थी। उन्होंने 'आकाश वाणी', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' में काम किया है। 39 वर्षीय एक्ट्रेस को आखिरी बार प्रणय मेश्राम द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'अकेली' में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म विशाल फुरिया की हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'छोरी 2' है।

# जे जे पेरी फिल्म टॉक्सिक में यश के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं

मुंबई/एजेन्सी



हॉलीवुड के जाने-माने एक्शन लेजेंड जे जे पेरी दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार यश के साथ बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यश और पेरी को पहली बार लॉस एंजिल्स में एक शूटिंग रेंज में एक साथ देखा गया। भारत की अपनी पहली यात्रा पर एयरपोर्ट पर देखे गए पेरी ने इस प्रोजेक्ट के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं यश के साथ कुछ मौज-मस्ती करने और साथ में कुछ पागलपन भरे काम करने के लिए वाकई उत्साहित हूं। यह बहुत बढ़िया होने वाला है! यश एक अद्भुत अभिनेता, एक अविश्वसनीय एक्शन कलाकार और वास्तव में दयालु और उदार हैं। जे जे पेरी ने कहा,मैं गीतू के साथ काम करने के लिए भी रोमांचित हूं। मैं इन सभी प्रतिभाशाली लोगों के साथ भारत में काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।मैं टॉक्सिक को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं पूरी विमान यात्रा के दौरान सो नहीं सका; मैं पूरे समय जागता रहा, अपने नोट्स देखता रहा।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के प्रतिष्ठित डेवलपर व रियल इस्टेट कम्पनी ‘गुरुपुण्यवानी’ ने बिडदी के भीमनाहल्ली स्थित अपने बहुप्रतिक्षित प्रोजेक्ट ‘एलिगेन्स’ को लांच किया। दो दिन के लांच कार्यक्रम में कन्नड़ अभिनेता रमेश अरविंद व अभिनेत्री मेगा शेट्टी ने इस नए प्रोजेक्ट एलिगेन्स को लांच किया।





# ‘रिश्तों की डोर’ कार्यक्रम के माध्यम से विक्की पारेख ने रिश्तों को दी मजबूती

## तेयुप आरआर नगर ने आयोजित किया यह अनोखा कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरी नगर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम ‘रिश्तों की डोर’ का आयोजन सेंट जोसफ यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें संगीतकार व गायक विक्की डी पारेख ने प्रस्तुति दी। तेयुप अध्यक्ष बिकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक गुरुपुण्यवानी प्रॉपर्टीज के हनुमानमल संजय मनोज बैद परिवार के संजय बैद ने अपनी कम्पनी की फेयर प्रॉपर्टी-फेयर पॉलिसी के बारे में जानकारी दी। अभातेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन माण्डोत एवं महामंत्री अमित नाहटा ने अपने विचार रखें।

इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक, गोल्ड प्रायोजक व सिल्वर प्रायोजक परिवारों का सम्मान किया गया।

रिश्तों की डोर कार्यक्रम में गायक विक्की डी पारेख ने भावनाओं व रिश्तों की अहमियत से भरपूर गानों को प्रस्तुत कर मां-बेटा, बाप बेटे, भाई-भाई, बाप-बेटी जैसे रिश्तों की कच्ची व प्रेम की डोर से भावनात्मक बना दिया। पारेख ने अपनी चिरपरिचित शैली में मां व बाप की सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कार्य बताते हुए उपस्थित लोगों की आंखें नम कर दी।

उपस्थित श्रोताओं ने भी गानों की माध्यम से रिश्तों की डोर पकड़ी और कार्यक्रम के अर्थ को सार्थक किया। संचालन संयोजक विक्रम महेर ने किया। धन्यवाद मंत्री सुपार्श पटावरी ने दिया।



# आर्थिक सुदृढ़ता के साथ समाज के उत्थान में अग्रणी है जीतो : साध्वीश्री उदितयश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो नार्थ के अध्यक्ष विमल कटारिया व उनकी टीम ने तेरापंथ सभा गांधीनगर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री उदितयशाजी, संगीतप्रभाजी, भव्ययशाजी और शिक्षाप्रभाजी के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर विमल कटारिया ने जीतो की प्रमुख श्रमण आरोग्यम परियोजना सहित विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। श्रमण आरोग्यम परियोजना जैन साधु-साध्वी समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है और समाज व आध्यात्मिक कल्याण के प्रति जीतो की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कटारिया ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा में तेरापंथ समाज के योगदान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जैन समाज में करुणा और एकता के मूल्यों को आगे बढ़ाने में तेरापंथ समाज के योगदान को भी सराहा। महामंत्री विजय सिंघवी ने भी तेरापंथ समाज के समक्ष जीतो की गतिविधियों की जानकारी साझा की। साध्वीश्री ने जीतो टीम को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सेवा कार्यों की सराहना की और उन्हें इसी तरह समाज और आध्यात्मिक विकास के लिए कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कमल पुनमिया, श्रमण आरोग्यम के संयोजक दिनेश खिन्वेसरा, मंत्री अशोक भंडारी, मदन मुणोत, प्रीतेश जैन और जीतो लेडीस विंग उपाध्यक्षा सुमन सिंघवी अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पारसमल भंसाली, मंत्री विनोद छाजेड़, तेयुप अध्यक्ष विमल धारीवाल, अभातेयुप सदस्य प्रसन्न धोका ने जीतो नार्थ पदाधिकारी का सम्मान किया।

# मंड्या में हुआ टीपीएफ का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मंड्या। शहर के तेरापंथ भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी संयमलताजी के सान्निध्य में दक्षिणांचल टीपीएफ विक्रम कोठारी,मंत्री भरत भंसाली व उपाध्यक्ष राजेश कोठारी ने टीपीएफ के गठन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। साध्वी संयमलताजी ने कहा कि टीपीएएफ तेरापंथ धर्म संघ की ऐसी सशक्त संस्था है जो एक मंच से जुड़कर देश विदेश के किसी भी कोने में रहते हुए संपर्क के मध्यम से तथा परामर्श से जुड़कर आर्थिक सामाजिक आदि सभी समस्याओं का समाधान देती हे। मंड्या के प्रोफेशनल भी इस संस्था से जुड़कर अपने विकास को नई ऊंचाई प्रदान करें ऐसी कामना। साध्वी मार्दवश्रीजी ने कहा आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी ने बुद्धिजीवियों का ऐसा मंच तैयार किया जिसके फायदे तेरापंथ धर्मसंघ का हर कोई उठा सकता है अपने संपर्क को विस्तार व कार्य को गति प्रदान कर सकता है। अध्यक्ष विक्रम ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सोनाली खिवेंसरा ने विचार व्यक्त किए। राजेश कोठारी एवं भरत भंसाली ने सब युवाओं को प्रोत्साहित किया।

# केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



हुब्बल्ली। शहर के रेलवे ग्राउंड पर कांठा प्रीमियर लीग(केपीएल)क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 का आयोजन किया गया। इस समारोह में कांठा प्रांतीय ओसवाल साजनान संघ के अध्यक्ष शांतिलाल बोहरा, सचिव राकेश कटारिया और संयुक्त सचिव विनोदकुमार पटवा व ललित सेहलोत सहित स्पोर्ट्‌र्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व दक्षिण पश्चिम रेलवे के सूजा मोहम्मद और मुख्य कार्यालय अधीक्षक अनंत बगवत अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर विभिन्न प्रायोजक, संघ व युवा संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

संयुक्त सचिव विनोदकुमार पटवा ने खेल भावना के महत्व पर जोर देते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, खेल को खेल भावना के साथ खेलें, पूरी मेहनत से खेलें। इस तरह के आयोजन न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि समुदाय के बीच एकजुटता को भी बढ़ावा देते हैं। संयुक्त सचिव ललित सेहलोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सचिव राकेश कटारिया ने सभी खिलाड़ियों, सदस्यों और प्रायोजकों को धन्यवाद दिया।









# ‘गुरुपुण्यवानी’ ने प्रोजेक्ट ‘एलिगेन्स’ हुआ लांच, मिला अच्छा रेस्पांस

## कन्नड़ अभिनेता रमेश अरविंद व मेगा शेट्टी ने लांच किया प्रोजेक्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के प्रतिष्ठित डेवलपर व रियल इस्टेट कम्पनी ‘गुरुपुण्यवानी’ ने बिडदी के भीमनाहल्ली स्थित अपने बहुप्रतिक्षित प्रोजेक्ट ‘एलिगेन्स’ को लांच किया। दो दिन के लांच कार्यक्रम में कन्नड़ अभिनेता रमेश अरविंद व अभिनेत्री मेगा शेट्टी ने इस नए प्रोजेक्ट एलिगेन्स को लांच किया। गुरुपुण्यवानी के प्रमुख संजय बैद ने बताया कि यह 4 बीएचके का विला प्रोजक्ट उनकी कम्पनी का सपना था जो आज पूरा हो गया। बैद ने बताया कि यह प्रोजेक्ट अपने नाम के अनुरुप विभिन्न सुख सुविधाओं से भरपूर है। ये विला पर्यावरण फ्रेंडली होंगे जो कि आराम भरी जिन्दगी को और सुविधाजनक बना देंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट का मूल्य 1.65 करोड़ रुपए से शुरु हो रहा है।

अभिनेता रमेश अरविंद ने फीता काटकर व पूरे मॉडल विला का दौरा कर प्रोजेक्ट को लांच किया। रमेश अरविंद ने कहा कि यह एलिगेन्स प्रोजेक्ट वास्तव में अपने आप में बहुत ही लक्जरी व प्रकृति के बीच अनोखा व काबिले तारीफ विला है।

उन्होंने गुरुपुण्यवानी के प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट संजय बैद के दूरदृष्टिता का उदाहरण है, जिस प्रकार महाभारत काल में संजय ने दूर रहकर भी महाभारत देखी थी उसी तर्ज पर संजय बैद ने आने वाले पर्यावरण बदलाव को देखते हुए यह विला प्रोजेक्ट प्लान किया है जो उनके ग्राहकों को एक सुखद अनुभव देगा। मेगा शेट्टी ने भी पूरे विला का अवलोकन कर बारीकी से विभिन्न जानकारी ली।

इस मौके पर गुरुपुण्यवानी कम्पनी ने अपने ग्राहकों व संभावित ग्राहकों के लिए लांच के साथ अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कम्पनी ने लांच के समय बुकिंग कर ग्राहकों को 5 ग्राम स्वर्ण सिक्का, लक्की ड्रॉ के माध्यम से 8 लाख रुपए का तनिष्क गिफ्ट ब्राउचर, व्हील ऑफ फ्रंर्चून के माध्यम से अनेक उपहार व अन्य डिस्काउंट ऑफर किए। इस लांच के मौके पर ‘गुरुपुण्यवानी’ व संजय बैद परिवार और डेवलपमेन्ट पार्टनर एसएसपी कम्पनी के अनेक हितैषी, मित्रगण व समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।





# मायूम बेंगलूरु ने ‘आपणो देश’ राजस्थानी मेले के पोस्टर का किया लांच

- 14 व 15 दिसम्बर को पैलेस ग्राउंड पर आयोजित होगा मेला
- राजस्थानी संस्कृति, खानपान, सभ्यता को प्रचारित करना है उद्देश्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु शाखा द्वारा 14 व 15 दिसम्बर को पैलेस ग्राउंड प्रिसेस श्राइन सभागार में राजस्थानी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम 'आपणो देश' राजस्थानी मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के पोस्टर का औपचारिक लांच शुक्रवार को शहर की एक होटल में विभिन्न समाज के गणमान्यों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजकों ने उपस्थित लोगों के सामने राजस्थानी मेले की विस्तृत जानकारी, उद्देश्य व आवश्यता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सुरेंद्र गोयल, मुरारीलाल सरावगी,बिपिनराम अग्रवाल, सुशीला गोयल, सतीश गोयल, हाथीमल बैद, संजय जाजोदिया, विकास पोद्दार, रामाकांत सर्राफ आदि सदस्यों ने पोस्टर का लांच किया।

मायूम बेंगलूरु शाखा के अध्यक्ष स्नेहकुमार जाजू ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि इस राजस्थानी मेले का उद्देश्य बेंगलूरु में निवासित सभी राजस्थानी बंधुओं को एकजुट करना और उन्हें राजस्थान की संस्कृति, खान-पान व सभ्यता की अवगत कराना है। राजस्थानी समाज को एकत्रित कर मारवाड़ी समाज की एकता, अखंडता और ताकत को दिखाना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन से होने वाले धन संग्रह का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा विकास में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले राजस्थानी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम राजस्थानी मेला के दौरान मुख्य रूप से राजस्थानी संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजस्थानी संगीत, नृत्य संग विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करने के लिए देश भर से 100 से अधिक कलाकार आएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में जाने माने गायक युवराज हंस, कपिल शर्मा शो फेम व अभिनेता अक्षय कुमार के डुप्लीकेट विकल्प मेहता अपनी प्रस्तुति देंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में राजस्थानी की जानी मानी संगीत कम्पनी वीणा म्यूजिकल ग्रुप की अपनी प्रस्तुति देंगे।

मायूम बेंगलूरु के पूर्व अध्यक्ष अंकित मोदी ने बताया कि इस राजस्थानी मेले के माध्यम से संस्था दो दिन के लिए बेंगलूरु में राजस्थान का माहौल व राजस्थानी संस्कृति को बसाना चाहते हैं, हम मेले का आयोजन कर रहे है आप सभी से निवेदन है कि आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में मेले में अपनों के साथ शामिल हो और अपने गांव की मिट्टी और देस के खाने का आनंद उठाए। इस कार्यक्रम के माध्यम से मारवाड़ी युवा मंच राजस्थानी संस्कृति के महत्व को उजागर करना और आज की नई पीढ़ी को राजस्थानी संस्कृति से अवगत करवाना चाहता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजस्थानी व्यंजन, राजस्थानी कला पर आधारित स्टॉल्स आदि केंद्र बिंदु पर होंगे।

प्राइड होटल में आयोजित इस लांच कार्यक्रम में विभिन्न प्रायोजक, राजस्थानी मारवाड़ी समाज के प्रतिष्ठित उद्योगपति, समाजसेवी और अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी को मेले के उद्देश्य व आयोजन के बारे में जानकारी दी तथा सभी से मेले को और सफल बनाने के लिए विचार विर्मश करते हुए सुझाव भी लिए गए। ज्ञातव्य है कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के मार्गदर्शन में मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु शाखा मंच दर्शन के अनुरूप जनसेवा, समाज सुधार, व्यक्ति विकास, सामाजिक सम्मान व आत्म सुरक्षा एवं राष्ट्रीय विकास व एकता को स्थापित करने के दिशा में निरंतर अग्रसर है और उसी रूप में अपने सभी कार्यों को पिछले 25 वर्षों से संपादित करती आ रही है। कार्यक्रम में मायूम बेंगलूरु के उपाध्यक्ष गोपाल कुमार, सुशील सैनी, जय अग्रवाल, सचिव शुभम लोहिया, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदीप अग्रवाल ने किया।



# अरिहंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वार्षिक खेल प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय अरिहंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन जयनगर कित्तूर रानी चन्नम्मा स्टेडियम में किया गया। विद्यार्थियों ने समन्वय और अनुशासन का परिचय देते हुए मार्च-पास्ट के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चेयरमैन अशोक नागोरी और ललिता नागोरी, सचिव सुधीर जैन और प्रबंध ट्रस्टी नीता जैन, अंकित नागोरी, जनसंपर्क और संचार प्रमुख रवीना नागोरी और प्रबंध निदेशक यशस्वी नागोरी उपस्थित थे। एजीआई के निदेशक डॉ. गिरीश सी के साथ कॉर्पोरेट कैंपस के प्राचार्य डॉ. ए.एस गुरुदत्त, ग्लोबल कैंपस के डॉ. अनिलकुमार एस, एपीयू कॉर्पोरेट कैंपस के प्रो. गणेश व ग्लोबल कैंपस के प्रो. शिल्पा.एम ने स्कूल का ध्वज फहराया।

निदेशक डॉ. गिरीश सी ने सभी को संबोधित किया। सचिव सुधीर जैन ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी बातें बताईं। अध्यक्ष अशोक नागोरी ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेने और मित्रता की भावना को बनाए रखने की शपथ ली। खेल प्रतियोगिता को आधिकारिक रूप से शुरू करने के लिए कबूतरों को आज़ाद किया गया। विभिन्न कैम्पस मे विभिन्न विद्यार्थियों ने विभिन्न मीटर की दौड़, शॉट पुट , डिस्कस थ्रो जैसे खैलो को आयोजित किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को सम्मान किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता पैरा-ओलंपिक खिलाड़ी डी. चौड्डया ने की। उन्होंने कहा कि विधार्थियों के स्वास्थ्य तथा मनोरंजन को सर्वाधिक महत्व देना चाहिए। विजेताओं को मेडल व पदक वितरित किए।



# तेयुप राजराजेश्वरीनगर ने आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं डेंटल केयर का किया उद्घाटन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। अखिल भारतीय तेरापंथ को परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवा परिषद राजराजेश्वरीनगर द्वारा केंगेरी में नए आचार्य श्री तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं डेंटल केयर का शुभारंभ उद्घाटनकर्ता सायर हीरालाल मालू परिवार,डेंटल चेयर प्रायोजक कमलेश भरत डूंगरवाल, तेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा एवं उनकी पूरी टीम की उपस्तिथि में जैन संस्कार विधि से किया गया। अध्यक्ष बिकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत करते हुए शाखा द्वारा दूसरी एटीडीसी खोलने पर खुशी जताई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत एवं महामंत्री अमित नाहटा ने तेयुप की सराहना की। मुख्य अतिथि के रूप में अभातेयुप के पूर्व अध्यक्ष विमल कटारिया, उद्घाटनकर्तासायर हीरालाल मालू एवं डेंटल चेयर प्रायोजक कमलेश भरत डूंगरवाल ने भी शुभकामनाएं दी। तेयुप के संस्थापक अध्यक्ष राजेश भंसाली, एटीडीसी प्रभारी नरेश बांठिया ने एटीडीसी के बारे में जानकारी दी। आरआरनगर सभा अध्यक्ष राकेश छाजेड़, महिला मंडल अध्यक्षा सुमन पटावरी, टीपीएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत मांडोत व संघीय संस्थाओं के अध्यक्ष मंत्री व अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंत्री सुपार्श पटावरी ने किया।

# जीवन और स्थिति में अन्तर होता है : विनयमुनिजी खींचन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के गणेश बाग में चातुर्मासार्थ विराजित विनयमुनिजी खींचन ने प्रज्ञापना सूत्र की विवेचना पर प्रवचन में जीवों की स्थिति बताते हुए कहा कि कर्मों के भोग के लिए जीव जहाँ भी जन्म लेगा उससे पहले स्थिति (उम्र) का निर्माण करने के बाद ही जन्म लेता है। जीवन और स्थिति में अन्तर होता है। स्थिति-परिस्थितियां सदैव एक समान नहीं रहती है। स्वयं में ‘जीना’ इसे सीखना महाकठिन कार्य है। ज्यादा समय यदि बाहर में जीवन जी रहे है तो 'मन' और दबाव में आएगा जबकि स्वयं में ध्यान मौन से जब जब भी आप बैठेंगे तो जीवन प्रशांत निशांत और दबाब रहित बन जायेगा। सूर्य उदय के साथ प्रकाश अपना ताप देता है कुछ समय तक ही। ठीक वैसे ही इन्सान को आतिकठिन-महापुण्य से बड़े भाग मानुष तन मिला है, जीना नहीं सीखा तो ऊपर से भौतिक साधन सम्पन्न होकर (भी भीतर से जीवन स्वच्छ निर्मल पवित्र नहीं बन पाया तो जीवन इस (एक) धरती पर भारभूत बन जाएगा। जीवन वही है जहाँ पर जीव आना और आकर प्रसन्नता पाना। संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपत राज मांडोत ने आभार व्यक्त किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com